राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

RNI No. -DELHIN/2017/76338

# फरीदाबाद की आवाज़

Email : faridabadkiawaz@gmail.com

W ebsite : faridabadkiawaz.com

वर्ष : 05 अंक : 12 दिल्ली से प्रकाशित सोमवार 14-20 फरवरी 2022

मूल्य : 5/- रु. पृष्ठ : 8



## देश की आवाज़

# राहुल गांधी को लेकर हिमंत बिस्व सरमा के बयान से नाराज हुए जयंत चौधरी

### कहा- भाजपा नेताओं को धोना चाहिए दातुन से मुंह

**फरीदाबाद की आवाज**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के प्रमुख जयंत चौधरी ने रविवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ उनकी विवादास्पद टिप्पणी को लेकर निशाना साधा। चौधरी ने कहा कि असम के सीएम ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और कहा कि भाजपा नेताओं को समय-समय पर दातुन या टहनी से मुंह धोना चाहिए। उन्होंने ट्लीट कर कहा, असम के मुख्यमंत्री ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया है। भाजपा नेताओं को समय-समय पर दातुन से मुंह धोना चाहिए! पूर्व लोकसभा सदस्य ने ट्वीट किया। सरमा ने इससे पहले 2016 और 2019 में क्रमशः भारत की



सर्जिकल स्ट्राइक और पाकिस्तान में हवाई हमले का सबूत मांगने के लिए राहुल गांधी पर हमला किया था। सरमा ने पूछा कि क्या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कभी उनसे ÷पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के बेटे होने का सबूत मांगा। सरमा ने उत्तराखंड में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, इन लोगों की मानसिकता को देखिए। जनरल बिपिन रावत देश का गौरव थे। भारत ने उनके नेतृत्व में पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक किया था। राहुल गांधी ने स्ट्राइक का सबूत मांगा। क्या हमने कभी आपसे सबूत मांगा कि क्या आप राजीव हैं गांधी के बेटे हैं या नहीं? आपको मेरी सेना से सबूत मांगने का क्या अधिकार है? असम के मुख्यमंत्री

**असम के मुख्यमंत्री ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया है। भाजपा नेताओं को समय-समय पर दातुन से मुंह धोना चाहिए! पूर्व लोकसभा सदस्य ने ट्वीट किया। सरमा ने इससे पहले 2016 और 2019 में क्रमशः भारत की सर्जिकल स्ट्राइक और पाकिस्तान में हवाई हमले का सबूत मांगने के लिए राहुल गांधी पर हमला किया था। सरमा ने पूछा कि क्या भारतीय जनता पार्टी ने कभी उनसे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के बेटे होने का सबूत मांगा।**

ने जोर देकर कहा कि एक बार सेना द्वारा सर्जिकल स्ट्राइक की बात कह दी गई, इसके बाद इसकी वैधता पर कोई विवाद नहीं है। इस टिप्पणी पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव सहित विपक्षी नेताओं ने प्रतिक्रिया व्यक्त की जिन्होंने सरमा के इस्तीफे की मांग की। एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राव ने कहा, पीएम मोदी जी क्या यह संस्कार है या फिर हमारा हिंदू अनुष्ठान, जो एक सांसद से उसके पिता की पहचान के बारे में सवाल करता है। ऐसा आपके भाजपा के एक मुख्यमंत्री ने किया है। मेरा सिर झुका हुआ है। यह सुनकर लज्जित हुई और मेरी आंखों में आंसू आ गए। यह देश के लिए अच्छी बात नहीं है। उन्होंने कहा, असम के मुख्यमंत्री इस तरह कैसे बात कर सकते हैं? धैर्य रखने की भी एक सीमा होती है.

## सम्पादकीय

### पांच लाख के बाद

यह राहत की बात है कि कोरोना का असर अब कम पड़ता दिख रहा है। रोजाना संक्रमण का आंकड़ा डेढ़ लाख से नीचे आ जाना बता रहा है कि तीसरी लहर कमजोर पड़ने लगी है। हालांकि यह कहना भी एकदम सही नहीं होगा कि खतरा टल गया है। अब तक की तीन लहरों का अनुभव तो यही बताता है कि जरा-सी लापरवाही भी हमें फिर से बड़े जोखिम में धकेल देती है। रोजाना संक्रमण, उपचाराधीन मरीजों और मौतों के आंकड़े कभी तेजी से बढ़ने लगते हैं तो कभी कम होते दिखते हैं और हम मान बैठते हैं कि अब महामारी खात्मे की ओर है। लेकिन हकीकत में अब तक



दिनेश शर्मा

ऐसा हुआ नहीं। फिर महामारी विशेषज्ञ भी अगली लहर के खतरे को लेकर कुछ कह पाने की स्थिति में हैं नहीं। इसलिए सतर्क रहने जरूरत तो है। यह हम देख ही चुके हैं कि दूसरी लहर आने के पहले कोरोना से मुक्ति का दावा किया जाने लगा था और इसी के बाद लोग बेहद लापरवाह हो गए थे। इसका असर दूसरी लहर के दो महीनों में हुई दो लाख मौत के रूप में सामने आया था। भारत में कोरोना से मरने वालों का आंकड़ा अब पांच लाख के ऊपर निकल चुका है। हालांकि इस आंकड़े को लेकर भी विवाद कम नहीं रहे हैं। कई अध्ययनों में दावा किया जाता रहा है कि भारत में कोरोना से मरने वालों की संख्या सरकारी आंकड़ों की तुलना में कई गुना ज्यादा है। वैसे कोरोना संक्रमण से मरने वालों की सही-सही संख्या का पता लगा पाना व्यावहारिक तौर पर इसलिए भी संभव नहीं दिखता क्योंकि हमारे पास ऐसा पुख्ता और सटीक तंत्र ही नहीं है। ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल किसी से छिपा नहीं है। हकीकत तो यह है कि कोरोना से मौत के जितने मामले सरकारी और निजी अस्पतालों के रजिस्टरों में दर्ज हैं, वे ज्यादातर शहरी इलाकों के ही हैं। महामारी के इन दो सालों में गांवों में कितने लोगों की मौत कब और कैसे हुई होगी, कह पाना मुश्किल है। पर सरकारी आंकड़े भी कम नहीं हैं। तीन अक्तूबर 2020 तक एक लाख, उसके बाद 28 अप्रैल 2021 तक दो लाख, 28 अप्रैल से 24 मई 2021 तक तीन लाख, दो जुलाई 2021 तक चार लाख और चार फरवरी 2022 तक पांच लाख लोग मारे गए। यानी 28 अप्रैल से दो जुलाई 2021 के बीच दो लाख लोग मारे गए थे। इससेसहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि ग्रामीण इलाकों में महामारी ने कैसा कहर ढहाया होगा! वैसे अब हम महामारी के साथ रहने के आदी हो चले हैं। जिन-जिन राज्यों में रोजाना संक्रमण और उपचाराधीन मामलों की संख्या घटने लगी है, वे सभी अपने यहां प्रतिबंधों में ढील दे रहे हैं। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की सलाह पर दिल्ली सरकार ने लगभग सारे प्रतिबंध हटा लिए हैं। स्कूल, कालेज, विश्वविद्यालयों सहित सभी शिक्षण संस्थान, जिम, तरणताल, बाजार आदि खोल दिए हैं। यानी कोशिश इस बात की है कि जनजीवन वैसा ही सामान्य हो चले जैसा महामारी के पहले था। हालांकि एक अच्छी बात यह भी है कि आबादी के बड़े हिस्से का टीकाकरण हो चुका है। पर यह नहीं भूलना चाहिए कि हम कोरोना से पहले की स्थिति में सिर्फ तभी लौट पाएंगे, जब नागरिक समुदाय अपनी जिम्मेदारी समझते हुए कोरोना से बचाव के नियमों का पालन करेगा। वरना अगली लहर को आने से कोई रोक नहीं पाएगा।

## भाजपा के लोग अपनी संकीर्ण मानसिकता छोड़ें, तभी देश का भला संभव-मायावती

**फरीदाबाद की आवाज**

**नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को किसानों और बेरोजगारों की आत्महत्या का मामला उठाते हुए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को कटघरे में खड़ा किया और कहा कि भाजपा के लोग अपनी संकीर्ण सोच व मानसिकता को त्याग दें, तभी देश का कुछ भला हो सकता है। उत्तर प्रदेश में चल रहे विधानसभा चुनावों के बीच रविवार को बसपा प्रमुख मायावती ने सत्तारूढ़ भाजपा पर सवाल उठाते हुए ट्वीट किया, ''कर्ज में डूबे एवं घुट कर जीवन जीने को मजबूर किसानों द्वारा आत्महत्या की खबरें विचलित करती हैं, किन्तु अब बेरोजगार युवाओं द्वारा भी आत्महत्या करने की विवशता ने राष्ट्रीय चिंता, बेचैनी व आक्रोश को और बढ़ा दिया है।



फिर भी विकास व इंडिया शाइनिंग आदि जैसा भाजपा का दावा कितना उचित है। मायावती ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा, ''साथ ही, भाजपा द्वारा संसद में भी बेरोजगारी की ज्वलन्त राष्ट्रीय समस्या से इनकार करना इनकी यह गलत व अहंकारी सोच नहीं है तो और क्या है? कौन युवा बेरोजगारी का ताना व अपमान सहना चाहता है? भाजपा के लोग अपनी संकीर्ण सोच व मानसिकता को त्याग दें, तभी देश का कुछ भला संभव है।

## पुलिस में महिलाएं कम, हर जिले में बने एक महिला थाना और दी जाए चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारियां-संसदीय समिति

**नई दिल्ली।** देश में महिला सशक्तिकरण की ओर एक नया कदम संसद की ओर से बढ़ाया जा रहा है। दरअसल संसद की एक समिति ने प्रत्येक जिले में एक थाना के गठन पर जोर दिया है जिसमें केवल महिला कर्मी हों। साथ ही इन्हें चुनौतीपूर्ण काम देने की सलाह भी दी है। समिति ने कहा कि पुलिस बल में महिलाओं की भागीदारी सिर्फ 10.3 प्रतिशत है, जो बहुत ही कम है। समिति की ओर से सुझाव दिया गया है कि देश के हर जिले में कम-से-कम एक पूर्ण रूप से महिला थाना स्थापित किए जाने की जरूरत है।

**पुलिस बल में महिलाओं का प्रतिनिधित्व मात्र 10.3 फीसद**-गृह मंत्रालय से संबंधित संसद की स्थायी समिति ने यह भी कहा कि पुलिस बल में महिलाओं की भागीदारी 33




प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए एक रूपरेखा बनाई जानी चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा इस समिति के अध्यक्ष हैं। इस सप्ताह संसद में पेश रिपोर्ट में कहा गया है, समिति इस बात से दुखी है कि पुलिस बल में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सिर्फ 10.3 प्रतिशत है, जो बहुत कम है। समिति ने सुझाव दिया है कि गृह मंत्रालय को राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को परामर्श देना चाहिए कि हर जिले में कम-से-एक ऐसा थाना स्थापित किया जाए, जहां सभी कर्मी महिलाएं हों।

**महिलाओं के लिए अतिरिक्त पद का हो सृजन**

समिति ने यह भी कहा कि पुरुष पुलिस कर्मियों के रिक्त पदों पर महिलाओं की नियुक्ति करने के बदले उनके लिए अतिरिक्त पदों का सृजन किया जाए। इससे पुलिस और जनसंख्या के अनुपात में सुधार होगा। समिति ने यह अनुशंसा भी की है कि गृह मंत्रालय को यह परामर्श भी देना चाहिए कि पुलिस बल में शामिल महिलाओं को भी महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी दी जाए।

## गोवा में थम गया प्रचार का शोर, आज को होगा मतदान

**फरीदाबाद की आवाज**

**पणजी:** गोवा में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार का शोर शनिवार शाम थम गया। राज्य की 40 विधानसभा सीटों पर सोमवार को मतदान होगा। इस तरह से राजनीतिक पार्टियां अब गुप्त तरीके से 48 घंटे तक प्रचार करेंगी। राज्य में चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, महाराष्ट्र के मंत्री आदित्य ठाकरे और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जैसे दिग्गज नेताओं ने अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया और जनता से वोट मांगे। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार मतदान से 48 घंटे पहले प्रचार समाप्त करना होता है। कोरोना वायर और इसके नए वैरिएंट ओमिक्रॉन की वजह से प्रारम्भ में राज्य में चुनाव प्रचार धीमा था, लेकिन मतदान की तिथि करीब आने के साथ ही चुनाव प्रचार ने धीरे-धीरे इसने गति पकड़ ली। राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा के लिए चुनाव एक अग्नि परीक्षा है। पार्टी ने राज्य की विधानसभा की सभी 40

**उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार मतदान से 48 घंटे पहले प्रचार समाप्त करना होता है।**

सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं। वहीं कांग्रेस गोवा फॉरवर्ड पार्टी (जीएफपी) के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस ने जहां 37 उम्मीदवार उतारे हैं, वहीं जीएफपी ने तीन उम्मीदवार खड़े किए हैं। राज्य में आम आदमी पार्टी भी पूरे जोर-शोर से चुनाव लड़ रही है। पार्टी ने राज्य की 39 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार का समर्थन किया है। शिव सेना राज्य की 11 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है,

## हिजाब विवाद पर अनिल विज का तंज, बोले- कांग्रेस ने देश में बोए विभाजनकारी बीज

**अंबाला।** हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि विभाजनकारी नीतियों के बीज कांग्रेस ने बोए जिससे देश का बंटवारा हुआ और आज यह विभाजन आतंकवाद के रूप में तो कभी हिजाब के रूप में देश के सामने आ रहा है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए विज ने आगे कहा कि हिंदू-मुसलमान के नाम पर कांग्रेस ने देश का बंटवारा किया है। विज ने कहा कि कांग्रेस द्वारा बोए गए विभाजनकारी बीज के कारण ही देश आज भी चैन से नहीं रहता, कभी आतंकवादी के रूप में, कभी हिजाब के रूप में%। उन्होंने हिंदुओं, मुसलमानों के नाम पर देश का बंटवारा करवाया।

कांग्रेस द्वारा की जा रही जाति की राजनीति के सवाल पर विज ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश में विभाजनकारी नीतियां चलाई हैं और इसके अलावा कांग्रेस कुछ और नहीं सोच सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इस सोच के कारण भारत का विभाजन हुआ।



**विज ने कहा कि खली उनके पुराने दोस्त हैं और अब वह भाजपा में शामिल हो गए हैं जिससे पार्टी को ताकत मिलेगी। खली लोगों के बीच पहचाने जाते हैं और लोग खली की बात सुनते और मानते हैं।**
**विज ने कहा कि खली ने खेल जगत में कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं और दुनियाभर में भारत का नाम रोशन किया है, इसी तरह वह भाजपा को भी उतनी ही ऊंचाई पर ले जाएंगे।**

हरियाणा के मंत्री ने कहा कि कांग्रेस खुद को सेक्युलर कहती, लेकिन धर्म के आधार पर कांग्रेस ने ही हिंदू-मुसलमान के नाम पर देश का बंटवारा कराया।

हाल ही में भाजपा में शामिल हुए ग्रेट खली (दलीप सिंह) ने गृह मंत्री अनिल विज से उनके आवास पर मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान खली ने कहा कि मेरी लाइन की शुरुआत गृह मंत्री अनिल विज से होती है और मैं उनके काम करने के तरीके से प्रभावित हूं।

विज ने कहा कि खली उनके पुराने दोस्त हैं और अब वह भाजपा में शामिल हो गए हैं जिससे पार्टी को ताकत मिलेगी। खली लोगों के बीच पहचाने जाते हैं और लोग खली की बात सुनते और मानते हैं।

विज ने कहा कि खली ने खेल जगत में कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं और दुनियाभर में भारत का नाम रोशन किया है, इसी तरह वह भाजपा को भी उतनी ही ऊंचाई पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में खेलों को आगे ले जाने के लिए ग्रेट खली से बातचीत चल रही है।

# यूपी सहित इन राज्यों में आज से खुलेंगे प्राथमिक स्कूल

**फरीदाबाद की आवाज**

**नई दिल्ली।** कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर के कम होते प्रभाव के मद्देनजर फरवरी के अंत तक देश के अधिकांश राज्यों में प्राथमिक स्कूलों को खोलने का फैसला ले लिया गया है। कोरोना महामारी के कारण लंबे समय से बंद स्कूलों के गेट अब बच्चों का स्वागत करने की तैयारी में हैं। कई राज्यों में सोमवार, 14 फरवरी से ही सभी कक्षाओं की पढ़ाई आफलाइन माध्यम से शुरू हो रहीं हैं। प्रशासन के इस फैसले से न सिर्फ स्कूल संचालकों को राहत मिलेगी बल्कि बच्चों को भी बंद कमरे से खुले आसमान का खुशनुमा माहौल मिलेगा।

**दिल्ली में 15 फरवरी से शुरू होंगे प्राथमिक स्कूल**

दिल्ली में 15 फरवरी से नर्सरी से 8वीं कक्षा तक के स्कूल भी खुल जाएंगे। पिछले सप्ताह यहां 9वीं से 12वीं कक्षा तक ही स्कूल खोले गए। इस बीच स्कूलों को संचालन सख्त गाइडलाइन के साथ किया जा रहा है। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अनुमति के बाद दिल्ली शिक्षा निदेशक हिमांशु गुप्ता की ओर से सर्कुलर जारी किया जा चुका है। इसमें स्कूलों के संचालन के लिए गाइडलाइन जारी की गई है। इसके तहत स्कूल प्रबंधन को सुनिश्चित करना है कि हर हाल में कोविड प्रोटोकाल को लागू करें।

**उत्तर प्रदेश में खुल जाएंगे प्राथमिक स्कूल**

14 फरवरी, सोमवार से उत्तर प्रदेश में नर्सरी से लेकर कक्षा आठ तक के सभी सरकारी और निजी स्कूल खुल जाएंगे। अब विद्यार्थियों को भौतिक रूप से कक्षाओं में पढ़ने आना होगा। आनलाइन कक्षाएं नहीं चलेंगी। मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। बता दें कि पिछले सप्ताह कक्षा नौ से लेकर इंटरमीडिएट तक के माध्यमिक स्कूल, विश्वविद्यालय और डिग्री कालेजों को खोलने का फैसला लिया गया था।

**चंडीगढ़ में 14 फरवरी से खुलेंगे स्कूल**

चंडीगढ़ में 14 फरवरी से सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूल पूरी क्षमता के साथ खुल जाएंगे। वीरवार को कोविड वॉर रूम मीटिंग में प्रशासक बनवारी लाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया है। इसके बाद डायरेक्टर स्कूल एजुकेशन डॉ. पालिका अरोड़ा ने स्कूलों को खोलने के लिए नियम जारी किए हैं, जिनका पालन करना अनिवार्य होगा। डायरेक्टर स्कूल एजुकेशन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार स्कूल आने वाले स्टूडेंट्स के पास अभिभावक की लिखित अनुमति होनी अनिवार्य है। स्कूल गेट पर एंट्री के समय स्टूडेंट्स की थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी।

**14 फरवरी से ओडिशा में खुलेंगे प्री-स्कूल**-ओडिशा में 14 फरवरी से प्राइवेट प्री स्कूल खुल जाएंगे। प्ले, नर्सरी एवं केजी सभी बच्चों के लिए स्कूल खोल दिए जाएंगे। इस संदर्भ में राज्य स्कूल एवं जनशिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव विष्णुपद सेठी ने सभी जिला के शिक्षा अधिकारी, जिलाधीश को पत्र लिखकर निर्देश जारी किया है।

## मीडिया विभाग द्वारा विश्व रेडियो दिवस पर 'रेडियोफ़ीएस्टा' उत्सव का आयोजन

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग, जे. सी. बोस विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फ़रीदाबाद रेडियो महारानी- अंतरराष्ट्रीय डिजिटल रेडियो के साथ मिलकर विश्व रेडियो दिवस पर दिनांक 10 और 11 फ़रवरी को दो दिवसीय रेडियो फ़ेस्टिवल' रेडियोफ़ीएस्टा' का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. पवन मलिक, एसोसिएट प्रोफ़ेसर, संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग ने कहा कि इस रेडियो फ़ेस्टिवल में विद्यार्थियों के लिए आर जे हंट, पॉड्कास्ट, और रेडियो जिंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसने भारत भर से विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के छात्र भाग ले रहें हैं। रेडियोफ़ीएस्टा फ़ेस्टिवल के पहले दिन 10 फ़रवरी को रेडियोवाक्रिधि पर महारानी रेडियो की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा जिसमें आर जे तुषार और आर जे गीत पत्रकारिता विभाग के छात्रों को प्रशिक्षण देंगे। फ़ेस्टिवल के दूसरे दिन आयोजित कार्यक्रम 'रेडियो अबतक' में मुख्यातिथि जे. सी. बोस विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति श्री राज नेहरू होंगे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो सुनील कुमार गर्ग जी उपस्थित होंगे। कार्यशाला में मुख्यवक्ता अंतरराष्ट्रीय डिजिटल रेडियो- रेडियो मेरठ के ऑपरेशनल मैनेजर आर जे विनय सक्सेना तथा विशिष्ट अतिथि रेडियो महारानी- अंतरराष्ट्रीय डिजिटल रेडियो की प्रमुख सपना सूरी होंगी।




विश्व रेडियो दिवस पर आयोजित रेडियो फ़ेस्टिवल 'रेडियोफ़ीएस्टा' का आयोजन डॉ. अतुलमिश्रा, डीन, लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज़ के मार्ग दर्शन में किया जा रहा है जिसमें प्रतिभागी रेडियो से सम्बंधित विषयों तथा वर्तमान में प्रचलित गतिविधियों के विषय में विस्तार से जान सकेंगे।

# मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन फरीदाबाद द्वारा इंडियन बैंक के साथ सेमिनार का आयोजन

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन फरीदाबाद के महासचिव श्री रमणीक प्रभाकर ने सभी आगंतुकों का स्वागत फूलो का गुच्छा देकर किया व् कहा कि कोविड के कारण जहां चुनौतियां बड़ी है, वही हमें अवसर भी मिले। आपने कहा कि उद्योगों को कई जरूरतों को अपनी कार्यप्रणाली का हिस्सा बनाना होगा। श्री रमणीक प्रभाकर ने कहा कि आज बैंकिंग कार्यप्रणाली पहले बेहतर है। बैंक अधिकारी उपभोक्ताओं को प्रत्येक प्रकार का सहयोग देते देते है। आज आरबीआई की गाइडलाइन के अनुसार कार्य किया जा रहा है । श्री प्रभाकर ने आने वाले समय में Indus-tech Exhibition के आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि 11 से 13 मार्च 2022 तक Indus-tech Exhibition का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एमएएफ के सदस्यों को सस्ती दरों पर स्टाल उपलब्ध हो सकेंगे। आपने बताया हमने सब डिवीज़न के मुद्दे पर सरकार से आग्रह किया है इंडस्ट्री को रेगुलराइज करने किए लिए 5200 के बजाय 250 रूपये वर्ग गज के हिसाब से लिया जाए। श्री रमणीक प्रभाकर ने कहा की सरकार के 70 प्रतिशत आरक्षण के मुद्दे से उद्योग जगत में काफी रोष का माहौल हो गया है लेकिन हमने कोर्ट से स्टे ले लिया है। सभी ने इसका स्वागत किया। इंडियन बैंक के जोनल मैनेजर राकेश सहगल ने कहा है कि एमएसएमई सेक्टर अर्थव्यवस्था की रीड की हड्डी है और जब हम रोजगार व राजस्व की बात करते हैं तो यही सेक्टर सबसे अग्रणी स्त्रोत है। एसोसिएशन की मासिक बैठक में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए जोनल मैनेजर राकेश सहगल ने कहा कि इंडियन बैंक ने सदैव एमएसएमई सेक्टर को राहत व प्रोत्साहन देने के लिए कई योजनाएं आरंभ की हैं, जिनका लाभ एमएसएमई सेक्टर को उठाना चाहिए। आपने कहा कि पिछले 2 वर्ष में कोविड-19 के कारण काफी नुकसान व चुनौतियों का सामना एमएसएमई सेक्टर को करना पड़ा, जिससे बैंक भी भलीभांति परिचित है। इसके साथ ही 10त्न आउटस्टैंडिंग की लिमिट की प्रक्रिया हमने ही शुरू की, बाद में सरकार ने इसे क्रियान्वित किया, और 10त्न 20त्न और 30त्न की दर से टर्म




लोन दिया जा रहा है, जिससे एमएसएमई सेक्टर को काफी मदद मिली। श्री राकेश सहगल ने कहा कि जो उद्योग दूसरे बैंक में भी खाता चला रहे हैं वह भी इंडियन बैंक की सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। आपने कहा कि बैंक का पार्ट बिजनेस को सुरक्षित रखना है और चूंकि वे स्वयं एक बिजनेस परिवार से संबंधित हैं इसलिए उनकी यह प्रैक्टिकल सोच है कि उद्योगों को कैपिटल और रनिंग कास्ट के लिए जो खर्चे चाहिए, उसकी पूर्ति की जाए तो इससे एमएसएमई सेक्टर को काफी राहत व प्रोत्साहन मिलता है। आपने बताया कि एमएसएमई सेक्टर के लिए टर्म लोन व अन्य सुविधाओं के लिए इंडियन बैंक कार्यरत है, हमारी फरीदाबाद में 14 शाखाए है आप कही से भी इनका लाभ उठा सकते है और यदि 15 से 20 दिनों में सैंक्शन नहीं मिल पाता तो इसके लिए उनसे संपर्क किया जा सकता है। इस मौके पर इंडियन बैंक के श्री डी जेड एम् राज कुमार, एफ़ जी एम रविंदर सिंह, श्री रतन सिंह चौहान सहित बैंक के आला अधिकारी उपस्थित थे। एमएएफ द्वारा बनाए गए पैनलों का जिक्र करते हुए सरदार सुखदेव सिंह ने कहा कि पैनल्स का लाभ तभी उठाया जा सकता है जब इससे संबंधित समस्याएं विशेषज्ञों के समक्ष रखी जाएं। सरदार सुखदेव सिंह ने सोलर एनर्जी पर विचार व्यक्त करते कहा कि सोलर प्रक्रिया महंगी है ऐसे में ऐसी योजना जरूरी है जिससे सस्ता व सुलभ कनेक्शन उद्योगों को मिल सके। एसोसिएशन के संरक्षक एवं पूर्व प्रधान नवदीप चावला ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में कंप्लायंसेज को उद्योगों की प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण अंग बनाया जाना चाहिए। आपने कहा कि एमएसएमई का भारत में सबसे अधिक स्कोप है और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी आत्मनिर्भर भारत की और जिस प्रकार देश को बढ़ा रहे हैं उसे एमएसएमई सेक्टर को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। श्री चावला ने कहा कि चीन से सस्ते के लालच में उत्पादन का आयात किया जाता रहा परंतु आज हालात बदले हैं और भारतीय एमएसएमई सेक्टर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।सरकार द्वारा घोषित विभिन्न योजनाओं के संबंध में जागरूकता की आवश्यकता पर बल देते हुए श्री चावला ने कहा कि प्रोडक्शन लिंक इंसेंटिव की योजना वास्तव में फार्मा इंडस्ट्री और ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के लिए काफी महत्वपूर्ण है आवश्यकता इस बात की है कि हम सही जानकारी, सही जागरूकता और स्व विवेक से कार्य करें। श्री चावला ने कहा कि यूनिट की कॉस्ट को कम करने में प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजना काफी महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकती है बशर्ते इसके लिए हमारा डाटा सही हो। आपने कहा कि बैंक से ऋण जिस आवश्यकता के लिए लिया जा रहा है यदि उसी पर खर्च किया जाए तो चुनौतियां अवसर बन सकती हैं। जीएसटी के उदारवादी स्वरूप की चर्चा करते हुए सीए श्री राम लक्ष्य आपने कहा कि पहले कई प्रकार के टैक्स भरने पड़ते थे और उसकी रिटर्न विपदा थी, परंतु जीएसटी में सब कुछ आसान कर दिया है। इसी कड़ी में उन्होंने अपनी पुस्तक का विमोचन भी किया जिससे कोई भी उद्योगपति को इसे आसानी से समझ सकेगा। इनकम टैक्स पैनल के श्री सुनील मंगला ने एनुअल इंफॉर्मेशन स्टेटमेंट को भरने से पूर्व उसकी पूर्ण स्थिति पर ध्यान देने का आह्वान किया। प्रदूषण नियंत्रण पैनल के श्री विनोद गर्ग ने जैंनसैट संबंधी नए आदेशों से संबंधित जानकारी दी।

## 68 दिनों बाद फिर से विद्यालयों में लौटी रौनक-उपायुक्त जितेन्द्र यादव

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि जिला के स्कूलों में 40 दिनों के बाद वीरवार को रौनक लौटेगी। जिला में पहली से 9वीं कक्षाओं में 102595 विद्यार्थियों मे 50123 लड़के और 52472 लड़कियां स्कूलों में वीरवार को पहुंचेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ऋतु चौधरी ने बताया कि वीरवार को पहली से 9वीं कक्षाओं के छात्रों के लिए स्कूलों के खुलने से 68 दिनों के लंबे समय बाद स्कूलों में विद्यार्थियों की चहल पहल की रौनक देखने को मिलेगी। छात्र छात्राएं स्कूलों में पहुंचेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिला के सभी स्कूलों के शिक्षकों को निर्देश दिए हैं। कि वे अपनी वैक्सीन लगवाने की रिपोर्ट अवसर एप पर भरें। जिन विद्यार्थियों और शिक्षकों को अभी वैक्सीन नहीं लगी है उनके लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने सीएचसी/ स्कूल स्तर पर वेक्सीनेशन की व्यवस्था करने के लिए कहा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ऋतु चौधरी ने बताया कि यह उपस्थित कोविड-19 कोरोना वायरस काल की तीसरी लहर के चलते पहली कक्षा के 5946 लड़के और 5832 लड़कियां,दूसरी कक्षा के 5902 लड़के और 6099 लड़कियां, तीसरी कक्षा के 6134 लड़के और 6248 लड़कियां, चौथी कक्षा के 6125 लड़के और 6274 लड़कियां, पांचवीं कक्षा के 6039 लड़के और 6367 लड़कियां ने स्कूलों में शिरकत करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि छटी कक्षा के 5187 लड़के और 5636 लड़कियां, सातवीं कक्षा के 4858 लड़के और 5236 लड़कियां,आठवीं कक्षा के 4945 लड़के और 5319 लड़कियां और नौवीं कक्षा के 4987 लड़के और 5461 लड़कियां स्कूलों में पहुचेंगी। उन्होंने बताया कि परंतु सभी स्कूलों को यह कहा गया है की उपस्थिति 100 प्रतिशत हो। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी स्कूलों में छात्रों में पढ़ाई के प्रति उत्साह दिखाई दे रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि वे स्वयं के निर्देशन में जिला के सभी सीआरसी की बनाई हुई हैं, जो नियमित रूप से अपने अपने सीआरसी के स्कूलों की मॉनिटरिंग करके जो भी कमियां होती हैं उनका निराकरण करवा रही हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें आवश्यक सुझाव देते हुए कार्यालय को रिपोर्ट करने को कहा गया है।



## दिव्यांगजनों की 'मदद' के लिए हाथ के इशारे पर चलने वाली व्हीलचेयर

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के इंजीनियरिंग छात्रों की एक टीम ने दिव्यांगजनों के लिए हैंड जेस्चर (हाथ के इशारे) द्वारा नियंत्रित व्हीलचेयर विकसित की है जो दिव्यांगजनों के दैनिक जीवन को आसान बनायेगी। हैंड जेस्चर नियंत्रित व्हीलचेयर की मदद से शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्ति व्हीलचेयर को अपने हाथों से मार्गदर्शित कर एक जगह से दूसरी जगह जा सकता है।

इन दिनों, जब 80 हजार से 1.5 लाख रुपये तक की कीमत वाली जॉयस्टिक नियंत्रित व्हीलचेयर बाजार में उपलब्ध है, तो छात्रों ने दिव्यांगजनों के लिए सस्ती एवं सुविधाजनक व्हीलचेयर विकसित करने लक्ष्य रखा तथा इसे इनोवेटिव खूबियों के साथ 50 हजार रुपये के अंदर-अंदर विकसित करने में सफलता हासिल की। इस प्रोजेक्ट को मैकेनिकल इंजीनियरिंग की अंतिम वर्ष की छात्रा संध्या यादव के नेतृत्व में विश्वविद्यालयों के छह युवा इंजीनियर्स ने तीन महीनों के समय में पूरा किया। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के मेक्ट्रोनिक्स क्लब के अंतर्गत बनाये गये इस प्रोजेक्ट को 'मदद' नाम दिया है। टीम ने बताया कि व्हीलचेयर में हाथ के इशारे पर



संचालन एवं गति नियंत्रण की विशेषताएं हैं। टीम ने दावा किया है कि यह प्रोजेक्ट उन दिव्यांगजनों की मदद करेगा जो बिना किसी मदद के एक जगह से दूसरी जगह नहीं जा सकते। उन्होंने इस प्रोटोटाइप को और अधिक सुविधाओं और अनुप्रयोगों के साथ विकसित करने की योजना बनाई है ताकि इसे उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाया जा सके।

## दो लाख दस हजार सूर्य नमस्कार करके नया रिकॉर्ड बनाने में जिला जेल बनी प्रदेश में अग्रणी-जयकिशन छिल्लर

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** जेल अधीक्षक जयकिशन छिल्लर ने बताया कि जिला जेल फरीदाबाद में स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर ''आजादी के अमृत महोत्सव'' मनाया जा रहा है। हरियाणा सरकार व हरियाणा योग आयोग द्वारा प्रस्तावित 75 करोड़ सूर्य नमस्कार करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए महानिदेषक कारागार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जेल के अधिकारियों और कर्मचारियों तथा जेल के बन्दियों द्वारा गत 2 फरवरी 2022 से 08 फरवरी तक प्रतिदिन 13 सूर्य नमस्कार प्रति व्यक्तिकिया गया। जेलर जयकिशन छिल्लर ने बताया कि जेल के अधिकारियों और कर्मचारियों तथा जेल के बन्दियों द्वारा कुल 2 लाख 10 हजार सूर्य नमस्कार करके 75 करोड़ सूर्य नमस्कार का नया रिकार्ड बनाने में जिला जेल फरीदाबाद ने अहम योगदान दिया। उन्होंने बताया कि जेल की सभी बैरकों में जेल के ही योगा में निपुण कैदी योग शिक्षकों की उपस्थिति में अन्य सभी बन्दियों के द्वारा सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया नमस्कार करने उपरान्त अन्य योगासन करना भी आसान हो जाता



गया। जेल अधीक्षक जयकिशन छिल्लर ने आगे बताया कि सूर्य नमस्कार के अभ्यास से शरीर के सभी अंगों का व्यायाम हो जाता है। यदि कोई व्यक्ति प्रतिदिन इसका अभ्यास करता है तो भी वह अपने शरीर को निरोग रख सकता है। सूर्य है। सूर्य नमस्कार करने से बन्दियों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों में भी नई उर्जा का संचार हुआ है। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव में हिस्सेदारी करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे है।

## नागरिकों के स्वास्थ्य से देश बनता है स्वस्थ-राजेश नागर



**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** तिगांव से विधायक राजेश नागर ने गांव तिगांव में जेकेएम फिटनेस फैक्ट्री का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गांव के बुजुर्गों ने भी उनके साथ फीता काटा। इसका संचालन कोच आशु अधाना करेंगे। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने युवाओं व अन्य सभी से आह्वान किया कि वह अपने शरीर के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ शरीर द्वारा ही अच्छे कार्य किए जा सकते हैं और स्वस्थ नागरिक ही एक स्वस्थ देश का निर्माण करते हैं। श्री नागर ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं हरियाणा के मु यमंत्री श्री मनोहर लाल युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए न केवल खेलों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है बल्कि रोजगार पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए खेलो इंडिया, मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया आदि अनेक योजनाओं के जरिए युवाओं को मु यधारा में शामिल किया जा रहा है। अब तक करोड़ों युवा सरकारी योजनाओं के सहयोग से स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ चुके हैं। वहीं इस बार के ओर्लापक में हमारा अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन खिलाड़ियों ने दोहराया है। इस बार इतने मैडल हमारे आए हैं जितने पिछली बार सारे मिलाकर आए हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को पढ़ाई, खेल और रोजगार की दिशा में मन लगाकर काम करना चाहिए। इस अवसर पर कोच आशू अधाना, लेखराम अधाना, नन्दू अधाना, संजय अधाना, विक्की अधाना, बॉबी अधाना, अक्षय अधाना, अजय, सुखबीर, तेज सिंह अधाना, संदीप अधाना, कर्मवीर अधाना आदि मौजूद रहे।

# जेजेपी किसी भी गरीब के सिर से छत नहीं उजड़ने देगी

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** दयाल नगर पहुचे जजपा पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कृष्ण जाखड़ ने कहा है कि किसी भी गरीब को बेघर नही किया जाएगा। जजपा पार्टी ने हरियाणा को सवारने का संकल्प लिया है विकास का संकल्प लिया है। न कि बर्बाद करने का, राष्ट्रीय सचिव कृष्ण जाखड़ के साथ जजपा पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और तिगांव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी उमेश भाटी और कार्यकर्ता इस दौरान मौजूद रहे। दयाल नगर में रेलवे विभाग द्वारा लोगों को तोडने् के नोटिस दिए जाने के बाद दयाल नगर में तोडफ़ोड़ की कार्यवाही से परेशान लोगो से बातचीत करने के लिए जजपा पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कृष्ण जाखड़ और प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी लोगों से बात करने पहुंचे थे। जिसके बाद लोगो की काफी भीड़ एकत्रित हो गई। लोगो को समझाते हुए राष्ट्रीय



सचिव कृष्ण जाखड़ जी ने आश्वासन देते हुए कहा कि जेजेपी पार्टी किसी की भी छत को नहीं उजड़ने देगी। जजपा सरकार रेलवे विभाग और स्थानीय प्रशासन से इस मुद्दे पर लगातार संपर्क में है और जल्द ही इसका हल निकाल लिया जाएगा। जिनके भी मकान रेलवे विभाग की जमीन पर आ रहे है। उनको उचित मुआवजा या फिर दूसरी जगह रहने के लिए आशियाना देने का काम किया जाएगा। मौके पर मौजूद प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी ने कहा कि लोग सरकार पर विश्वास रखे। लेकिन इसके साथ ही विपक्ष के उकसावे में न आए। मौजूदा सरकार आप की अपनी सरकार है। उमेश भाटी ने कहा कि प्रदेश के डिप्टी सीएम श्री दुष्यंत चौटाला जी से हम सभी इस मुद्दे पर बात कर कोई न कोई हल निकालने वाले है और इस पर बात भी चल रही है। फरीदाबाद के जजपा कार्यकर्ता प्रदेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री डॉक्टर अजय चौटाला जी को सारी बातों से अवगत करा चुके है। मौके पर जमा भीड़ ने आश्वासन मिलने के बाद जमकर जजपा पार्टी ज़िंदाबाद , दुष्यंत चौटाला ज़िंदाबाद के नारे लगाए । इस दौरान मौके पर श्वेता सेनी,मनीष सेनी, आशुतोष गर्ग, चौ श्याम सुन्दर, नेता गोविन्द कौशिक, अलकेश लांबा, विनोद पंडित, महावीर राणा,अनिल काश्गर, धनन्जय पांडेय,उमेश ठाकुर, मंजीत सिंह,अखिलेश यादव, विजय यादव,नरेश भड़ाना,नीतेश भघेल ,लाला राम,रामचंदर, सुरजीत सहित काफी संख्या में जेजेपी कार्यकर्ताओं और हज़ारों की संख्या में स्थानीय लोग आदि।

## साई धाम में कोविड वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन




**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** शिरडी साई बाबा टैम्पल सोसायटी सेक्टर 86, फरीदाबाद के प्रागंण में कोविड वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग और फरीदाबाद प्रशासन द्वारा इस टीकाकरण के दौरान कोविड प्रोटोकोल का पालन किया गया। इस कैंप रोटरी क्लब फरीदाबद संस्कृति का विशेष योगदान रहा। इस कैंप में 18+ वर्ष के 22 लोगों का टीकाकरण किया गया। जिसमें 60+ लोगों को बुस्टर डोज भी लगाए गए। खेड़ी मेडिकल टीम से डा. पवन बेदी द्वारा कोविड वैक्सिीनेशन किया गया।

## संयुक्त आयुक्त को सीवर समस्या से अवगत कराया

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** शहर में चावला कालोनी, गौंछी मोहल्ला, ऋषि नगर, बस अड्डा मार्केट, विश्राम गृह के सामने सीवर ओवरफ्लो होने के कारण गटर से पानी ओवरफ्लो होकर गलियों में जमा हो रहा है। इससे परेशान लोगों ने परिवहन मंत्री के बड़े भाई व भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा को बुलाकर मौका मुआयना कराया। लोगों की समस्या को देखने के बाद उन्होंने नगर निगम कार्यालय में निगम संयुक्त आयुक्त अनिल यादव, कार्यकारी अभियंता पदम भूषण से चर्चा की। उन्होंने सीवर लाइन को खोलने के लिए कहा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यदि इसी तरह से सीवर जाम होकर जलभराव होगा, तो लोग बीमार हो सकते हैं। सीवर जाम की समस्या के बारे में बताने वाले व्यापारियों में हरियाणा व्यापार मंडल बल्लभगढ़ के प्रधान प्रेम खट्टर ,रोशन लाल डुडेजा, बंसी उर्फ कुलदीप मेहता ,वीरेंद्र मनचंदा ,श्यामलाल छाबड़ा मौजूद थे। निगम संयुक्त आयुक्त यादव ने उन्हें जल्द से जल्द समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है। इससे पहले निगम संयुक्त आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय राजमार्ग से आटो रिक्शा द्वारा किया जा रहा अतिक्रमण नहीं हट सका है। दो महीने से पुलिस को लगातार आटो का अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया है। इसी तरह से एनएचएआइ और मेट्रो रेल वाले कचरा नहीं हटा पाए हैं। एनएचएआइ राजमार्ग के साथ खड़े होने वाली रेहड़ियों के अतिक्रमण को नहीं हटा पाया है। इन विभागों को निगम की तरफ से नोटिस दिए जाएं, ताकि संबंधित विभाग इन नोटिस का लिखित में जवाब दे।

# सड़क सुरक्षा अभियान-नुक्कड़ नाटक द्वारा सड़क सुरक्षा का संदेश

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमति रितु चौधरी के आदेशानुसार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एन आई टी तीन फरीदाबाद के रोड सेफ्टी क्लब, जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में नुक्कड़ नाटक द्वारा सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। छात्रा तबिंदा, कशिश, कुमारी मोनी, शिल्पा, राखी, सुमन, संध्या और नेहा ने विद्यालय की रोड सेफ्टी क्लब प्रभारी प्राध्यापिका आशा के मार्गदर्शन में यातायात के नियमों की पालना करने का संदेश दिया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण यातायात के नियमों की अवहेलना करना है। विद्यालय में




रोड सेफ्टी क्लब के माध्यम से छात्राओं को जागरूक होने और यातायात के नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए समय समय पर शिक्षा विभाग के आदेशानुसार अवेयरनेस कैंपेन चलाए जाते है ता कि विद्यालय की छात्राएं अपने साथ साथ सड़क का उपयोग करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जीवन रक्षा की जा सके। उल्लेखनीय है कि हमारे देश में प्रत्येक वर्ष अनुमानतः डेढ़ लाख से भी अधिक व्यक्ति सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु का ग्रास बन जातें हैं। सड़क दुर्घटनाओं के कारण देश की अर्थव्यवस्था को भी अत्यधिक हानि होती है। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि बालिकाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ड्रंकन ड्राइविंग, सीट बेल्ट के उपयोग, बिना लाइसेंस के वाहन न चलाने, एग्रेसिव ड्राइविंग से बचने और वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने के बारे में जानकारी दी। बालिकाओं ने कहा कि मानवीय भूल और अनदेखी के कारण ही हमारे देश में इतनी अधिक दुर्घटनाएं होती है। द्विपहिया वाहनों में दुर्घटनाओं में हेलमेट का प्रयोग न करने के कारण सर पर बहुत अधिक चोट लगने और मृत्य होने का भय रहता है इसलिए जब भी द्विपहिया वाहन का प्रयोग करें, सुरक्षा कवच के रूप में हेलमेट का अवश्य प्रयोग करें। छात्रों और छात्राओं को इन सभी नियमों का ज्ञान होना नितांत आवश्यक है ताकि युवा होने पर वे अपने उत्तरदायित्व का भली भांति निर्वहन कर सड़क दुर्घटनाओं में आशातीत कमी ला सके। नुक्कड़ नाटक में बालिकाओं का उत्साह वर्धन करते हुए प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा, जसनीत कौर, आशा वर्मा, सतबीर पवार और मौलिक मुख्याध्यापिका पूनम ने सभी का जागरूक बनने के लिए आभार व्यक्त किया।

## के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय ने किया विदेशी शिक्षा के बारे में छात्रों का मार्ग दर्शन



**सोहना।** सोहना रोड स्थित केज़आरज़ मंगलम विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता के स्कूल ने शनिवार को ऑनलाइन माध्यम से एलुमनाई कनेक्ट समारोह का आयोजन किया। समारोह में सरवालीन कौर, के आर मंगलम विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा, को अथिति के रूप में बुलाया गया। उन्होंने अपने कनाडा तक के सफर के बारे में छात्र और छात्राओं को बताया और विदेशी शिक्षा को ध्यान में रखते हुए उनका मार्ग दर्शन किया। समारोह की शुरुआत विश्वविद्यालय की छात्रा करीना सेठी ने कालीदास की पंक्ति से की। उसके बाद जनसंचार की डीन ने अपना लंदन का अनुभर बताते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। सर्वलीन ने बताया कि कैसे उनके माता पिता का सपना पूरा करते हुए 5 महीने पहले उन्होंने अपनी पढ़ाई को आगे बढ़ाते हुए कनाडा के लिए उड़ान भरी। उन्होंने बताया किस तरह उन्हें पंधरा साल की शिक्षा की वजह से डिग्री कोर्स छोड़ कर डिप्लोमा करना पड़ा। कनाडा में अन्य विद्यालयों के विकल्प के बारे में छात्रों को ज्ञान देते हुए सरवलीन ने बताया की कैसे उन्हें अपने माता पिता पर ज्यादा आर्थिक बोझ नही डालना पड़ेगा और विदेश में जाने के बाद कैसे वह अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारा सकते हैं। सर्वलीन ने अपने संघर्षों के बारे में बताते हुए छात्रों को समझाया कि जिंदगी में मेहनत करना कितना आवश्यक है। उन्होंने विदेश में रहने के बाद मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल रखने की आवश्यकता के बारे में भी बात करी। अंत में छात्रों ने अपने सवाल पूछे और करीना सेठी में सर्वालीन कौर का शुक्रिया करते होए कार्यक्रम को पूर्ण विराम दिया।

## बाबा रामदेव मंदिर रोहिड़ा वाली में दिन दहाड़े चोरी

**कालावाली**

निकटवर्ती गांव रोहिड़ा वाली में स्थित बाबा रामदेव मंदिर से दिनदहाड़े कोई अज्ञात चोर दानपात्र तोड़ कर नगदी चुरा कर ले गया। मंदिर कमेटी के सदस्य बलवीर सिंह की शिकायत पर सब इंस्पेक्टर जय सिंह ने अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। बलबीर सिंह ने अपने बयान मे बताया कि कि 9 फरवरी को कोई अज्ञात चोर दानपात्र का ताला तोड़कर उसमें रखे बड़े नोट चुरा कर ले गया। मंदिर कमेटी ने अपने तौर पर जांच पड़ताल की है लेकिन कोई सुराग़ हाथ नहीं लगा। कमेटी मेंबर रोहताश ने बताया कि मंदिर में पुजारी रामप्रताप सुबह-शाम मंदिर आता है गत दिवस वह सुबह 6~30 बजे चला गया और जब शाम को 6~00 बजे आया तो देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। फिर उसने मन्दिर कमेटी सदस्यो को साथ लेकर अंदर जाकर देखा कि चोर ने दान पात्र को तोडा और उसमें रखे बड़े नोट चुराकर ले गया। जबकि दस दस के नोट व रेजगारी वहीं पर छोड़ गया। उन्होंने बताया कि कमेटी ने लगभग डेढ़ साल से गुल्लक नहीं खोला था इसलिए अंदाजा है कि करीब 10 11 हजार रुपए पर चोरी हो गए है।

**कुरगांवाली कबड्डी टूर्नामेंट में मीरपुर को हराकर फग्गू की टीम बनी चैंपियन।**

बड़ागुढ़ा क्षेत्र के गांव कुरंगावाली बाबा रामदेव मंदिर में आयोजित चार दिवसीय धार्मिक जोड़ मेला दौरान ओपन कबड्डी टूर्नामेंट करवाया गया। जिसमें पंजाब, हरियाणा की अनेक टीमें पहुंची। अच्छा प्रदर्शन कर फाइनल में पहुंचीं फग्गू और मीरपुर की टीम के बीच हुए रोचक मुकाबले में मीरपुर को हराकर फग्गू की टीम बनी चैंपियन। इससे पहले सेमीफाइनल में फग्गू ने को बदोवाल को , दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले मीरपुर ने भूतना को हराकर फाइनल में जगह बनाई। फग्गू की टीम को प्रथम इनाम 21000 रूपए, ट्राफी तथा उप विजेता रही मीरपुर की टीम को द्वितीय इनाम 15000 रूपए, ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह लड़कियों के मैच करवाए गए जिसमें कोच राजपाल लकड़ांवाली की टीम व तारुआना की टीम के बीच हुए रोचक मुकाबले में लकड़ांवाली की टीम तारुआना की टीम को 20 - 12 अंकों के अंतर से हराकर चैंपियन बनी। प्रबंधकों द्वारा विजेता टीमों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जसपाल सिंह मक्खन, सतपाल भारती , ऐकमजीत भारती, जसकरण सिंह, इकबाल सिंह, जगजीत सिंह, बुटा सिंह, गुरवंत बेनीवाल, सुखवंत सिंह, मलकीत सिंह, जसविंद्र सिंह, भीमा सिंह, कुलदीप सिंह नंबरदार, रिछपाल सिंह, राजविंदर पुहला ,गुलाब सिंह, रेशम लंबी वाला , सतपाल सिंह, जगसीर सिंह, हरदेव सिंह , सुखा सिंह , गरनैब सिंह , मघर सिंह आदि सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## शनि है कलयुग के देवता : सुशील शास्त्री



**भिवानी** शनि को कलयुग का देवता माना जाता है यह विचार गांव लोहारी जाटू में आयोजित गांव में सुख शांति हेतु शनि यज्ञ करवाते हुए यज्ञ आचार्य सुशील शास्त्री ने कही। उन्होंने कहा कि कलयुग के अंदर सनी देवता एक ऐसी देवता है जो सबसे अधिक फलदाई देने वाली हैं इसलिए हम सभी को इस तरीकों में शनि पूजन अवश्य करना चाहिए। पंडित सुनील शर्मा ने कहा कि हमें देवताओं की पूजा पूरे विधि विधान के साथ करनी चाहिए। इस अवसर पर ठाकुर रघुबीर सिंह ने कहा कि हमारे गांव में सुख शांति बनी रहे सभी ग्रामीणों पर शनि महाराज का आशीर्वाद प्राप्त हो इसलिए यज्ञ आयोजित किया गया है। मास्टर कृष्ण सिंह ने कहा कि हमारे गांव पर जो भी कोई भी विपदा आयेगी उसे शनि महाराज दूर करेंगे। करतार सिंह ने कहा कि सभी ग्रामीणों मिलकर आज इस शनि यज्ञ को करवा रहे हैं जिसका फल सभी ग्रामीणों को प्राप्त होगा। इस अवसर पर गांव की अनेक गणमान्य व्यक्ति व महिलाएं उपस्थित रहे।

## विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन, नन्हे-मुन्नों ने लिया भाग

**गुड़गांव:** जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा सिविल लाईन क्षेत्र स्थित जोन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गई। इन प्रतियोगिताओं में एसएन सिद्धेश्वर पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सोलो डांस, ग्रुप डांस, कार्ड मैकिंग, फैंसी ड्रेस, हिंदी हैंडराईटिंग, बेस्ट ड्रामेबाज आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्कूल की शिक्षिकाओं का कहना है कि कोरोना काल में बच्चे पिछले 2 साल से अपने घरों में ही कैद थे। वे ऑनलाईन ही शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। बच्चों को नया माहौल व नया वातावरण उपलब्ध कराने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बहुत आवश्यक हैं।

# यज्ञ के तीन अर्थ-दान, संगतिकरण व देवपूजन-शंकराचार्य नरेन्द्रानन्द

**गुरूग्राम।** यज्ञ के तीन अर्थ-दान, संगतिकरण व देवपूजन है । यज्ञ एक जीवनदर्शन है, कर्म सम्पादन की शुभ्र व सप्राण प्रेरणा के रूप में यज्ञ की मान्यता है । यज्ञार्थ कर्म से कर्त्ता के कर्म ही आहुति रूप होकर परमार्थ के विराट कुण्ड में अर्पित किए जाते हैं। कामना, लोभ व निष्क्रियता से रहित जीवन क्रम यज्ञमय बनता है, जो संकीर्णता जन्य असंतोष से मुक्ति प्रदान करने वाला है। यज्ञीय जीवन सहकार व सह-अस्तित्व के मूल्यों से युक्त एक सतत प्रवाहमान अवस्था है, जिसमें हर क्षण कर्म व्यक्त व विलीन होते हैं। इसे अर्पण द्वारा आरोहण की क्रिया माना गया है, जिसमें चेतना निम्न स्वभाव से उच्च व उच्चतर रूपों की ओर बढ़ती है। प्रयागराज में त्रिवेणी मार्ग स्थित शिविर में बीती 10 जनवरी से अनवरत चल रहे श्री रूद्र महायज्ञ के समापन अवसर पर यह ज्ञानोपदेश श्री काशी सुमेरु पीठाधीश्वर अनन्त श्री विभूषित पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानन्द सरस्वती जी महाराज ने उपस्थित साधु-संतो, विद्वानो, मनीषियों सहित श्रद्धालुओं को अपने आशिर्वचन में दिया।

शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानन्द ने अपने निजी सचिव स्वामी बृजभूषणानन्द सरस्वती के माध्यम से मीडिया के नाम जारी धर्म संदेश में कहा है यज्ञ एक ओर साधनों का महत प्रयोजन के लिए संधान है, जो कर्मयोग का पर्याय बनता है। दूसरी ओर आत्म शुद्धि की सूक्ष्म व गुह्य प्रक्रिया , यज्ञ का एक अर्थ त्याग भी है। त्याग मम भाव का किया जाता है। यह भाव अविद्या के कारण उत्पन्न होकर अनात्म तत्वों में आत्म भाव आरोपित करता है। यह आरोपण ही अहंकार की ग्रंथि है, जो बंधन का कारण है। शंकराचार्य नरेंद्रानंद महाराज ने कहा कि सामान्य रूप से त्याग किसी वस्तु से संबंधित मान



लिया जाता है। वस्तु का त्याग, त्याग का एक स्थूल प्रतीक मात्र है। वस्तु या पद के साथ अथवा इनके बिना भी यदि अनात्म तत्वों जैसे तीन गुणों और इनकी क्रियाशीलता में से आत्म भाव का त्याग कर दिया जाए तो मिथ्या ज्ञान के कारण उत्पन्न यह आरोपण की ग्रंथि भी कट जाती है और इस मनोभूमि में किया गया कर्म बंधन का कारण नहीं बनता है।

÷सहयज्ञाः प्रजारू सृष्ट्वा पुरोवाच प्रजापतिः-अनेन प्रसविष्यध्वमेष वोऽस्त्विष्टकामधुक। अर्थात प्रजापति ब्रह्मा ने कल्प के आदि में यज्ञ सहित प्रजाओं को रचकर उनसे कहा कि तुम लोग इस यज्ञ के द्वारा वृद्धि को प्राप्त होओ, और यह यज्ञ तुम लोगों को इच्छित भोग प्रदान करने वाला हो।

उन्होंने कहा प्रजाओं को रचने के साथ यज्ञ भी रच दिया। यज्ञ प्रजा का भाई हुआ। प्रजाओं की वृद्धि के निमित्त ही यज्ञ आया। यज्ञ के द्वारा उन प्रजाओं की वृद्धि हो सके, भोग की प्राप्ति भी इसी से हो। प्रजापति ब्रह्मा ने कल्प के आदि में यज्ञ सहित प्रजाओं को रचा। यज्ञ द्वारा प्रजाओं की वृद्धि करने का सूत्र दिया, और यह यज्ञ इच्छित भोग प्रदान करने वाला है। शंकराचार्य नरेंद्रानंद महाराज के कृपापात्र शिष्य यज्ञ सम्राट सार्वभौम विश्वगुरु स्वामी करुणानन्द सरस्वती महाराज ने कहा कि परमात्मा का क्रियात्मक स्वरूप यज्ञ प्रक्रिया के रूप में मिलता है। वह यज्ञ में स्वयं प्रतिष्ठित होकर वैश्विक क्रियाओं का संचालन करने वाले हैं। पारिस्थिति की तंत्र के परस्पर सहयोग की प्रवृत्ति यज्ञ की उपरोक्त प्रक्रिया की स्थूल अभिव्यक्ति ही है। श्री रूद्र महायज्ञ के समापन अवसर पर स्वामी बृजभूषणानन्द सरस्वती जी महाराज, स्वामी दिनेशानन्द महाराज, सुनील शुक्ल, विनोद त्रिपाठी सहित पंडित प्रदीप तिवारी (आचार्य) के साथ सभी वैदिक विद्वान- पंडित विजय शुक्ल, पंडित कार्तिक, पंडित शंकर दयाल मिश्र, पंडित शिव दयाल मिश्र, पंडित रोहित तिवारी, पंडित शिवम् दूबे, पंडित शिवम् द्विवेदी, पंडित सर्वेश मिश्र, पंडित सन्दीप मिश्र, पंडित बृजेश उपाध्याय, पंडित शेषमणि शुक्ल, पंडित कृष्णा शुक्ल, पंडित सुग्गू , पंडित अनुज मिश्र, पंडित सुशील उपाध्याय, पंडित प्रभाकर, पंडित मनोज पाण्डेय सहित अनेक श्रद्धालू मौजूद रहे।

## भिवानी नगर परिषद के चेयरमैन पद का चुनाव भिवानी जिले में करेगा राजनैतिक भविष्य तय

**भिवानी।** नगर परिषद के निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो गया है। अब नगर परिषद के चुनाव मई से जुलाई माह में करवाएं जा सकते है । इस बीच नगर परिषद का कार्य संचालन प्रशासक करेगा। सरकार ने एसडीएम महेश कुमार को नगर परिषद का प्रशासक बनाया है। इस बार नगर परिषद के चेयरमैन को निर्वाचित पार्षद नहीं चुनेगे, अपितु सीधा चुनाव होगा। यानि कि नगर परिषद के चेयरमैन का चुनाव मतदाता करेंगे। भिवानी नगर परिषद चेयरमैन का पद महिला के लिए आरक्षित हुआ है। चेयरमैन के पद के आरक्षण की घोषणा के साथ ही कई चेहरे सामने आ गए और काफी आने की संभावना है।आज करीब दो दर्जन से अधिक महिलाएं ताल ठोक रही है। सत्तासीन पार्टी भाजपा की टिकट पाने के लिए भी महिला नेताओं की लम्बी सूची है। एडवोकेट मीनाशर्मा जांगड़ा, प्रिया लेघा, पत्रकारिता से जुड़ी न्यूज एंकर प्रिया असीजा।वही पार्षद हर्षदीप डूडेजा, मुकेश रहेजा, विनोद चावला,रणसिंह यादव, विजय पंचगांव, उमाशंकर भोली, भवानी प्रताप की धर्मपत्नी या इनके परिवार के सदस्य भी है, जो चुनावी मैदान में ताल ठोक रही है। अभी तक राजनीति में अनसुने नाम चेयरमैन बनने की चाह बनाए हुए हैं। कई महिलाओं के पति, जो सक्रिए राजनीति कर रहे हैं। इसमें सबसे बड़ा नाम पूर्व मंत्री डॉक्टर वासुदेव शर्मा की पुत्रवधू और आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार इंदु शर्मा का है, लोहारी जाटू की पूर्व सरपंच कमलेश तंवर , भाजपा के वरिष्ठ नेता विरेंद्र कौशिक की धर्मपत्नी पुष्पा कोशिक। वही समस्त भारतीय पार्टी भी सक्रिए हुई है। सभापा की प्रदेश प्रधान नीलम अग्रवाल ने भी अपना दावा पेश कर दिया है। दूसरे राजनैतिक दल कांग्रेस सहित किसी भी पार्टी की महिला अभी चेयरमैन पद के लिए खुल कर मैदान में नहीं उतरी है। वैसे नामों की चर्चाएं अवश्य चलती रहती है जिनमें अमन तंवर राघव, पहाड़ी, देवराज मेहता के परिवार से नगर परिषद के चेयरमैन पद के लिए मैदान में आ सकती है। अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में पूर्व अधिकारी रहे विनोद शर्मा भी अपने परिवार से किसी को मैदान में उतार सकते हैं। यह चुनाव




सत्तासीन पार्टी के लिए अवश्य एक राजनैतिक चुनौती रहेगा। एक तरह से भाजपा के जिला नेतृत्व के लिए चेयरमैन पद जीतना एक प्रतिष्ठा का प्रश्न रहेगा। चेयरमैन पद की जीत-हार भिवानी जिले में भाजपा का राजनैतिक भविष्य तय करेगी। यह चुनाव आने वाले विधानसभा के चुनाव को भी प्रभावित करेगा। वैसे जीत से पहले पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के सामने टिकट तय करना भी एक यक्ष प्रश्न रहेगा। अभी तक की जानकारी के अनुसार पार्टी नेतृत्व ने टिकट के लिए कोई पैमाना भी तय नहीं किया है परंतु भाजपा हाईकमान टिकट वितरण में स्थानीय विधायक को किसी भी सूरत में अनदेखा नहीं करेगी और टिकट वितरण में स्थानीय विधायक घनश्याम सर्राफ की एक महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

## गुरु रविदास जयंती पर जिला में तीन दिवसीय महा सफाई अभियान आज से

**रेवाड़ी ।** हरियाणा सरकार ने गुरू रविदास जयंती के अवसर पर राज्य के सभी गांवों में 13 से 16 फरवरी तक महा सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

उपायुक्त यशेन्द्र सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले के सभी खण्डों में 13 फरवरी को महासफाई अभियान का शुभारंभ कार्यक्रम के लिए एक-एक गांव को चयनित किया गया है जहां विधिवत रूप से महा सफाई कार्यक्रम आरंभ किया जाएगा जो पूरे जिले में चलेगा।

डीसी ने बताया कि बावल खण्ड का कार्यक्रम गांव शाहपुर में होगा जिसमें सहकारिता मंत्री डॉ बनवारी लाल मुख्य अतिथि होंगें। नाहड़ खण्ड के गांव कृष्ण नगर में विधायक कोसली लक्ष्मण सिंह यादव, धारूहेड़ा खण्ड के गांव डूंगरवास में एसडीएम रेवाड़ी सिदार्थ दहिया, जाटूसाना खण्ड के खेड़ा आलमपुर में सीईओ जिला परिषद रविन्द्र यादव, रेवाड़ी खण्ड के गांव ठोठवाल में डीडीपीओ एचपी बंसल तथा खोल ब्लॉक के गांव खालेटा व डहीना ब्लॉक के गांव जैनाबाद में भी कार्यक्रम होगा।

डीसी यशेन्द्र सिंह ने बताया कि इस महा सफाई अभियान के दौरान जिला के सभी गांवों के धार्मिक स्थलों, गलियों, सरकारी परिसरों व फिरनी में श्रमदान के जरिए ग्रामीणों, विभिन्न सामाजिक संगठनों, मनरेगा श्रमिकों, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों के सहयोग से सफाई अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सफाई अभियान के साथ ही ग्रामीणों को हाइजीन, हाथों की सफाई व स्वच्छता से जुड़े विभिन्न घटकों के प्रति भी जागरूक किया जाएगा।

उपायुक्त ने सभी विभागाध्यक्ष को भी निर्देश दिए है कि सभी सरकारी कार्यालयों व भवनों में भी स्वच्छता अभियान चलाया जाएं तथा जागरूकता अभियान चलाकर सोलिड व लिक्विड वेस्ट मनेजमेंट बारे लोगों को



अवगत कराया जाएं। इसके अतिरिक्त स्कूलों व आंगनवाड़ी केन्द्रो पर बच्चों को खाना खाने व बनाने से पहले साबुन से हाथ धोने बारे जानकारी देने के निर्देश दिए।

## सरकार को अपराधियों पर नकेल डालने के लिए प्रदेश में हर जगह सीसीटीवी कैमरे लगवाने चाहिए- बजरंग गर्ग

**हिसार-** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड़ के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने व्यापारी प्रतिनिधियों की मीटिंग लेने के उपरांत पत्रकार वार्ता में कहा कि सिद्धिविनायक बैंक ग्राहक सेवा केंद्र में अपराधियों द्वारा लाखों रुपए की व लैपटॉप की चोरी करने वाले अपराधियों को पुलिस प्रशासन द्वारा पकड़ना सराहनीय कार्य है। पुलिस प्रशासन द्वारा अपराधियों को पकड़ना व्यापारियों की संघर्ष की जीत है। श्री गर्ग ने कहा कि राम सिंह कॉलोनी में करियाना व्यापारी रितु राज फौजी कि अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या करना व हांसी में अनेकों चोरियों की वारदात होने से व्यापारियों में भय का माहौल है। पुलिस प्रशासन करियाना व्यापारी की हत्या करने वाले अपराधियों को पकड़ नहीं पाई है। अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस प्रशासन ने 1 लाख रूपए का ईनाम भी रखा हुआ है मगर पुलिस प्रशासन करियाना व्यापारी रितु राज फौजी के हत्यारों को पकड़ नहीं पा रही है तो सरकार को यह केस सीबीआई को सौंप देना चाहिए। अगर अपराधी हत्या करके खुलेआम घूमेंगे तो अपराधियों के हौसले ओर ज्यादा बुलंद होंगे। बजरंग गर्ग ने कहा कि हांसी में जितनी भी अपराधिक घटनाएं व चोरियां हुई है, उन चोरों को पकड़ कर पुलिस प्रशासन को चोरी के माल कि बरामदी करनी



चाहिए। सरकार को अपराध पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेश में हर जगह सीसीटीवी कैमरे लगाने चाहिए और हरियाणा पुलिस को प्रदेश में अपराधियों पर नकेल डालने के लिए कठोर से कठोर कदम उठाने की जरूरत है, जिसके लिए हर चौराहे पर पीसीआर व मोटरसाइकिल राइटर लगाई जाए और बाजारों में दिन-रात पैदल पुलिस गश्त की व्यवस्था की जाए। बजरंग गर्ग ने कहा कि प्रदेश के व्यापारी के साथ किसी भी कीमत पर ज्यादति होने नहीं देंगे और ज्यादति सहन नहीं करेंगे। जबकि प्रदेश का व्यापारी अपने हितों के लिए एकजुट है और 24 घंटे एकजूटता के साथ संघर्ष रत है। श्री गर्ग ने कहा कि व्यापारी संबंधित विभागों के अधिकारी अपने निजी स्वार्थ के लिए व्यापारियों को अगर नाजायज तंग करने की कोशिश करेंगे तो उसको बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ सरकार के माध्यम से सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। बजरंग गर्ग ने कहा कि आगामी वार्षिक बजट में हरियाणा सरकार को व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता को ज्यादा से ज्यादा रियायतें देनी चाहिए ताकि आम जनता पर जो? लगातर? मंहगाई का बोझ? पड़ रहा है? उससे राहत मिल सके। इस मौके पर हांसी व्यापार मंडल प्रधान बजरंग बंसल, अग्रोहा धाम हांसी ईकाई युवा प्रधान विनय जैन, ज़िला मीडिया प्रभारी राहुल जैन, श्याम भवन ट्रस्ट हांसी प्रधान जगदीश मित्तल, मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व प्रधान रमन भ्याना, सब्जी मंडी प्रधान रमेश भूटानी, करियाना एसोसिएशन प्रधान गुलशन मक्कड़, क्लॉथ मार्केट प्रधान देवेंद्र मेहता, अमर मार्केट प्रधान नरेंद्र मलिक, चौधरी देवी लाल मार्केट प्रधान मनदीप चौधरी चरण सिंह मार्केट प्रधान मनदीप जाखड, मेडिसन होलसेल एसोसिएशन प्रधान अमिताभ भटनागर, सुदर्शन सचदेवा सर्व आश्रम प्रधान आशीष गुप्ता, मनोज गर्ग, शीतल जैन, नितिन सिंगला, गौरव जैन, एडवोकेट मनोज जैन, रिंकू पंसारी, उप प्रधान रमेश मेहता, भारतभूषण भ्याना, डॉ बलवंत, नितिन जैन, व्यापार मंडल के प्रदेश सचिव निरंजन गोयल आदि व्यापारी प्रतिनिधि मौजूद थे।

## जिला न्यायालय परिसर में स्थापित किया गया एक हेल्प डेस्क



**रेवाड़ी** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाड़ी दिनेश कुमार मितल की अध्यक्षता में जिला न्यायालय रेवाडी में एक हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाडी श्रीमती वर्षा जैन ने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाडी का मुख्य उददेश्य प्रत्येक ग्राम एवं हर नागरिक तक विधिक सेवाओं की जानकारी देना है इसी उदेदश्य से न्यायालय परिसर में हेल्प डेस्क लगाया गया है। श्रीमती जैन ने बताया कि कानुनी सहायता के सभी लोग हकदार है और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाडी समाज के सभी वर्गो की सहायता करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि आगामी 12 मार्च को जिला न्यायालय रेवाडी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा जिसमें मोटर दुर्घटना मुवावजा, चैक बांउस, दिवानी मामले, बिजली के मामलें व अन्य मामलो का मौके पर ही निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाड़ी के सक्षम युवाओं द्वारा रेवाडी जिले मे गांव-गांव जाकर लोगो को कानुनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। श्रीमती वर्षा जैन ने यह भी बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाडी द्वारा एक हेल्पलाइन न. 01274-220062 चलाया गया है जिस पर आमजन मुफ्त कानुनी सहायता प्राप्त कर सकते है।

# कार्यकर्त्ताओं के दम पर ही केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार-राम बिलास

**गुरूग्राम।** कार्यकर्त्ता ही पार्टी की आत्मा और प्राण हैं। कार्यकर्त्ताओं के दम पर ही आज केंद्र व प्रदेश में भाजपा पार्टी की सरकार है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं ! यह बात उड़ीसा के राज्यपाल महामहिम प्रो. गणेशी लाल का शनिवार को अपने निवास पर पधारने पर पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा ने बुके भेंट कर तथा अंगवस्त्र ओढ़ाकर उनका स्वागत करने के उपरांत विभिन्न विषयों पर चर्चा करने के बाद में कही।

**हरियाणा में विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास**

पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा ने कहा कि कार्यकर्त्ताओं की शक्ति ही पार्टी की असली ताकत है। कार्यकर्त्ता से ही आम जनता में पार्टी की पहचान मजबूत होती है। आज देश एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार है, जिसका श्रेय कार्यकर्त्ताओं को ही जाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार जनभागीदारी की सरकार है। हरियाणा प्रदेश ने विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास किया है। सुशासन



स्थापित हुआ है। कार्यप्रणाली में प्रदर्शिता स्थापित हुई है। भ्रष्टाचार को पूर्णरूप से समाप्त करने की ओर सरकार के सतत प्रयास रहते हैं। इसके लिए हरियाणा सरकार प्रशंसा व धन्यवाद की पात्र हैं ! उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश में मानव संसाधन को बेहतर बनाया है। कार्यप्रणाली में पारदर्शिता के लिए तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। हरियाणा सरकार की उद्योग नीति के परिणामस्वरूप प्रदेश में उद्यमिता व निवेश को गति मिली है। हरियााण प्रदेश ने विभिन्न क्षेत्रों विशेषकर उद्योग,आवास, विद्युत क्षेत्र में उल्लेखनीय उन्नति की है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर हरियाणाश् विषयवस्तु के साथ हरियाणा प्रदेश गत वर्षों की भांति सक्रिय है।

**दस जिलों में चौबीस घंटे विद्युत आपूर्ति**

राम बिलास शर्मा ने कहा एक खंड-एक उत्पादश् को हरियाणा सरकार के एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। उद्योगों की मांग व आवश्यकता के अनुसार तकनीकी शिक्षा के विकास किया जा रहा है।

# रूम हीटर चुरा न ले कहीं आपकी त्वचा की नमी

उत्तरी भारत में ठंड का प्रकोप जारी है। जनवरी खत्म होने को है लेकिन ठंड से लोगों का बुरा हाल है। लोग ठंड से बचने के लिए तरह- तरह के उपाय करते हैं जिनमें से एक है रूम हीटर तथा ब्लोअर। इसका प्रयोग करने वालों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। रूम हीटर जहां एक ओर सर्दी से बचाता है वहीं दूसरी ओर इसके कुछ नुकसान भी हैं। इसके प्रयोग से त्वचा रूखी हो जाती है। यदि आप रूम हीटर या ब्लोअर का इस्तेमाल करते हैं तो आपकी त्वचा पर पैचेज या खुजली होना सामान्य बात है। यही वजह है कि इस मौसम में जिस तरह से लोग लगातार डॉक्टरों के पास बुखार, जुकाम, अस्थमा जैसी शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं, ठीक उसी तरह डर्मा सेंटर्स पर भी लोग स्किन से जुड़ी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं। इस समस्याओं में प्रमुख हैं- रूसी, खुजली, लाल पैचेज, झु र्रियां पड़ना आदि।

मेडिलिंक्स से डम्रेटोलॉजिस्ट डॉ.पंकज का कहना है कि जो रूम हीटर और ब्लोअर आपको सर्दी से राहत पहुंचाते हैं, वहीं ये आपकी सेहत को कई तरह से नुकसान भी पहुंचा देते हैं। रूम



हीटर कई बार जानलेवा भी साबित हुए हैं। इस मौसम में देश के कई शहरों में ऐसी घटनायें हुई हैं जब दम घुटने से परिवार के कई सदस्यों की मौत हो गयी। वजह थी रूम हीटर चलाकर सोना। रूम हीटर की गर्मी ऑक्सीजन को सोख लेती है जिससे सां स लेने के लिए हवा नहीं मिल पाती। इसी तरह इसके इस्तेमाल से जहां त्वचा रूखी हो जाती है, वहीं खुजली भी होने लगती है। इससे त्वचा में लाल चकत्ते पड़ जाते हैं। यहां तक कि त्वचा पर झुर्रियां भी आने लगती हैं। दरअसल, रूम हीटर या ब्लोअर से निकलने वाली हवा स्किन की क्वालिटी खराब कर देती है। इससे स्किन के अंदर मौजूद सोलिंग टिश्यू क्षतिग्रस्त होने लगते है। इससे पिग्मेंटेशन का खतरा भी बढ़ने लगता है।

मेडस्पा के डॉ. अजय कश्यप (डर्मेटोलॉजिस्ट और कॉस्मेटोलॉजिस्ट) का कहना है कि इस साल लगातार पड़ रही सर्दी ने लोगों को बीमार तो किया है, साथ ही स्किन की समस्याओं से भी लोगों को सामना करना पड़ रहा है। लोग थोड़ी सी राहत के लिए रूम हीटर और ब्लोअर का इस्तेमाल करने लगते हैं लेकिन इससे होने वाले खतरे को वे भूल जाते हैं। हाल ही में एक रिसर्च से भी यह बात भी सामने आयी है कि रूम हीटर और ब्लोअर हमारी त्वचा के लिए बेहद खतरनाक हैं। इनके इस्तेमाल से स्किन सीधे तौर पर गरम हवा के कॉन्टैक्ट में आ जाती है और शरीर की नमी सोख लेती है।

डॉक्टर गौरांग कृष्णा (मेडलिंक के डर्मेटोलॉजिस्ट) कहते हैं- रूम हीटर की गर्मी वातावरण से नमी सोख लेती है जिससे सिर्फ त्वचा की ही समस्या नहीं, आंखों में खुजली और त्वचा रूखी हो जाती है। इससे आंखें लाल हो जाती है और आंखों में इंफेक्शन बढ़ जाता है। कभी- कभी तो नाक से खून भी आने लगता है। नवजात शिशुओं की त्वचा पर भी असर पड़ता है और अस्थमा के मरीजों को अक्सर सां स लेने में दिक्कत बढ़ जाती है। इनसे बचने के लिए बेहतर है कि रूम हीटर या ब्लोअर का इस्तेमाल सावधानीपूर्वक और कम ही करना चाहिए।

## कुछ बातों का रखें ध्यान

रूम हीटर का कम से कम इस्तेमाल करें।

स्किन को अच्छे से क्लीन करें और मॉश्चराइज करें।

रूम हीटर का इस्तेमाल करते हैं तो रूम में हवा का रास्ता बनाये रखें जिससे ऑक्सीजन की कमी न होने पाये। बर्तन में पानी भरकर रख सकते हैं जिससे हीटर चलने पर रूम में नमी कम न होने पाये।

खूब पानी पिएं, नहीं तो डिहाइड्रेशन ही सकती है।

सबसे जरूरी बात ये भी है कि स्किन पर अगर किसी तरह के निशान या कोई और दिक्कत आती है तो किसी पार्लर या सलून में जाने की बजाए डर्मेटोलॉजिस्ट से संपर्क करें। ऐसा न करने पर हो सकता है कि किसी तरह के गलत केमिकल या क्रीम के इस्तेमाल से आपकी स्किन पहले से और खराब हो जाए।

रूम हीटर के कारण अक्सर आग लगने की घटनाएं भी हो जाती है। रूम हीटर के आसपास ऐसी कोई भी चीज न रखें जिससे आग लगने का खतरा हो। रूम हीटर का इस्तेमाल एक निश्चित समय तक ही करना बेहतर होता है।

रूम हीटर जिस स्थान पर रखें उसके तीन फीट के दायरे में ऐसी कोई चीज न रखें जिससे आग लगने का खतरा हो।

# चेहरे पर भी लाएं वसंत ऋतु का जादू

वसंत ऋतु यानी फूलों का मौसम। इस दौरान फूलों का सौंदर्य पूरी प्रकृति को खूबसूरत बना देता है। इनकी भीनी सी खुशबू आपके पूरे शरीर में ताजगी और नयेपन का अहसास जगा देती है। इन फूलों की तरह आपका भी रूप हरदम खिला–खिला, आकर्षक, कोमल व स्निग्ध बना रहे, इसके लिए कुछ टिप्स



**जैस्मीन जैसी फ्रेशनेस**- खुद को जैस्मीन यानी चमेली जैसी ताजगी देने के लिए रात भर एक मग पानी में इन फूलों को भिगो कर रख दें, सुबह छानकर नहाने के ठंडे या गुनगुने पानी में मिला लें। इस पानी से स्नान करने से पूरे दिन शरीर में स्फूर्ति और ताजगी बनी रहेगी। इसके अलावा जैस्मीन के फूलों को पानी डालकर पीस लें। इस रस को चंदन पाउडर एवं मुल्तानी मिट्टी में मिलाकर पेस्ट बना लें और अपने चेहरे पर लगाएं। ऐसा करने से चेहरे पर स्कार्स कम नजर आने लगेंगे।



**गुलाब का जादू**- लगभग सभी के आंगन में आसानी से उपलब्ध हो जाने वाले गुलाब के फूल आपकी त्वचा के लिए किसी जादू से कम नहीं। एक लीटर पानी में एक मुट्ठी गुलाब की पंखुड़ियां डाल कर उबाल लें, ऐसा तब तक करें जब तक कि पानी आधा न रह जाएं। इस बचे हुए पानी को ठंडा करके शीशी में रख दें। इस प्राकृतिक टोनर को रुई के फाहे में लेकर सुबह–शाम इससे अपना चेहरा साफ करें, कुछ ही दिनों में चेहरा कांतिमय हो जाएगा। इसके साथ ही अगर आपके चेहरे पर मुंहासे हैं तो कैलेमाइन पाउडर में टोनर मिलाकर चेहरे पर लगाएं। इस पैक से मुंहासे कुछ ही दिनों में सूख जाएंगे। हमेशा से ही चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने में गुलाबी होंठों की अहम भूमिका रही है। गुलाब की पंखुड़ियों को शहद और मलाई में मिलाकर अपने होठों पर लगाना शुरू कर दें। कुछ ही दिनों में आपके होंठ गुलाबी रंगत से खिल उठेंगे। वहीं रूखी त्वचा को कोमल अहसास देने के लिए गुलाब जल में थोड़ा–सा शहद और नींबू का रस मिलाकर रख लें और सुबह–शाम इसे अपने हाथ व पैरों पर लगाएं। चाहें तो स्नान के बाद इसे पूरे शरीर पर बॉडी लोशन की



तरह भी लगा सकती हैं। इस नेचुरल मॉइश्चराइजर से त्वचा को पोषण मिलेगा और त्वचा मुलायम हो जाएगी।

**केसरिया निखार**- सांवली सूरत को यदि गोरा करने की ख्वाहिश है तो रात को केसर के चार फूल को दो चम्मच दूध में भिग दें और सुबह उसमें चंदन पाउडर और चुटकी भर हल्दी डालकर अपने चेहरे पर मास्क की तरह लगाएं और सूखने पर पानी से धो दें। ऐसा करने से आपकी रंगत कुछ दिनों में खिल उठेगी।

**गेंदे में छुपा चिकित्सक उपचार** गेंदे का फूल एक तरफ जहां बगिया की खूबसूरती को बढ़ाता है तो वहीं दूसरी तरफ इसमें मौजूद एंटीसेप्टिक गुण आपकी काया का भी ख्याल रखते हैं। बालों में डैंड्रफ हो तो एक मुट्ठी गें दे के फूल को एक मग पानी में उबाल लीजिए। जब पानी आधा रह जाए तो इस पानी में मेंहदी घोल कर सिर में लगाएं। ऐसा करने से डैंड्रफ कम हो जाएगी। इसके साथ ही फटी एड़ियों पर गेंदे की पत्तियों का रस लगाने से दर्द में राहत मिलती है और एड़ियां सॉ फ्ट हो जाती हैं।



# पाँवों को भी है देखभाल की जरूरत

**खूबसूरत मुलायम पैरों का सौंदर्य में उतना ही महत्व है जितना कि चेहरे का। चेहरे व शरीर के अन्य अंगों की तरह पैरों की भी देखभाल की जानी चाहिए। अपने दिनभर के रूटीन से थोड़ा सा समय निकाल कर पैरों की देखभाल में लगाएं और देखें कि आपके पैर कितनी जल्दी मुलायम और सुंदर बन जाते हैं।**





फुरसत के समय या टीवी देखते समय अच्छी क्रीम या तेल के हल्के हाथों से गोलाई में पैरों की मालिश करें। थोड़ी देर में तेल त्वचा में रम जाएगा। इससे थके?हारे पैरों को आराम मिलेगा और रूखी त्वचा मुलायम बनी रहेगी। नहाते समय प्यूमिक स्टोन से पैरों की अच्छी तरह सफाई करें ताकि कटी?फटी त्वचा उतर जाए। नहाने के बाद कोई अच्छा बॉडी लोशन या क्रीम पैरों पर लगाएं।

***अगर*** पैरों में पसीना ज्यादा आता हो तो गुनगुने पानी में नींबू की कुछ बूंदें डालें। इसमें पैरों को डुबो कर रखें। पंद्रह मिनट के बाद पैरों को पोंछ लें। थोड़ी सी मुल्तानी मिट्टी में गुलाबजल डाल कर पेस्ट बनाकर पैरों पर पतली परत लगाएं और सूखने पर उसे धो लें। पसीने की समस्या से बचने के लिए पैरों पर अच्छी तरह पाउडर लगाकर जूते पहनें।

गर्म पानी में नमक डाल कर उसमें कुछ देर के लिए पैरों को डाल कर रखें। इससे थके पैरों को आराम मिलता है। मुल्तानी मिट्टी में थोड़ा सा दही डाल कर पेस्ट बना कर पैरों में लगा लें और सूखने पर धो दें। इससे पैर मुलायम हो जाएंगे। पैरों की त्वचा ज्यादा सूखी हो तो गुनगुने पानी में कुछ बूंदें जैतून के तेल की मिला लें। पंद्रह मिनट तक अपने पैरों को इसमें भिगो कर रखें फिर पोंछ कर किसी अच्छी क्रीम से मालिश करें।

पैरों को मुलायम बनाने के लिए मलाई में कुछ बूंदें नींबू की मिलाएं और इससे पैरों की मालिश करें। दो चम्मच ग्लिसरीन और एक चम्मच गुलाबजल में एक चम्मच नींबू का रस अच्छी तरह मिलाएं। इस मिश्रण को एक बोतल में बंद करके रोज सोने से पहले लगाएं। इससे पैरों की त्वचा मुलायम बनी रहेगी।

आपके पैर ठंडे रहते हैं तो सोने से पहले जैतून के तेल से मालिश करें। पैरों के अंदर धंसे नाखूनों की समस्या उन्हें गलत ढंग से काटने से होती है। नाखूनों को सीधा और चौड़ाई में काटें। नेलपालिश लगे हुए पैर सुंदर लगते हैं पर बीच–बीच में नेलपालिश का प्रयोग बंद कर देना चाहिए ताकि नाखूनों का स्वाभाविक रंग बना रहे। लगातार कुर्सी पर बैठे रहने के कारण पैर खिंच जाते हों तो पैरों को क्लॉकवाइज और एंटी क्लॉकवाइज थोड़ी– थोड़ी देर में घुमाते रहें। जूते चप्पल हमेशा सही माप के खरीदें जिससे आपके पैरों को उनमें पूरी जगह मिल सके। बहुत देर तक ऊंची एड़ी की सैंडलें नहीं पहनें इनसे थकान ज्यादा होती है और शरीर का संतुलन बिगड़ता है। अगर हील पहननी ही हो तो प्लेटफॉर्म हील ही खरीदें। नंगे पांव हरी घास पर टहलना भी पैरों के लिए लाभदायक होता है।

# वैक्सिंग करवाते समय रखें ध्यान

त्वचा में आकर्षण और रेशमी अहसास पाने के लिए आमतौर लोग वैक्सिंग की तकनीक को अपनाते हैं। वैक्सिंग करवाते वक्त अगर आप छोटी–छोटी लेकिन जरूरी चीजों को नजरअंदाज कर जाएं, तो आपको शारीरिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। वैक्सिंग से होने वाली इन परेशानियों से बचने के लिए पर्मानेंट मेकअप एक्सपर्ट और एल्स कॉस्मेटिक क्लीनिक की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर गुंजन गौड़ बता रही हैं कुछ खास टिप्स



- वैक्सिंग करवाने से पहले यह जान लें कि आप जिससे वैक्सिंग करवाने जा रही हैं वह वैक्सिंग में एक्सपर्ट है या नहीं क्योंकि वैक्सिंग करने वाले की गलती से आपको बालतोड़ की समस्या हो सकती है।
- वैक्सिंग करवाते समय ध्यान दें कि आपकी वैक्सिंग एक्सपर्ट, कपड़े की पट्टी के बदले डिस्पोजेबल स्ट्रिप्स का इस्तेमाल करे। अगर ऐसा नहीं है तो आप ऐसा करने के लिए अपनी ब्यूटीशियन से कहें, क्योंकि कई बार कपड़े की पट्टी से इंफेक्शन का खतरा रहता है। इसके साथ ही वैक्सिंग से पहले प्री–वैक्सिंग जेल का इस्तेमाल जरूर करवाएं।
- ध्यान दें कि वैक्स हमेशा बालों की दिशा में लगाई जाए और स्ट्रिप को हमेशा उल्टी दिशा में खींचा जाए, ऐसा करने से बाल जड़ से निकल जाएंगे और जल्दी ग्रोथ भी वापस नहीं आएगी। वैक्सिंग के बाद त्वचा को क्लीन करना चाहिए और पोर्स को बंद करने और दर्द को कम करने के लिए मॉइश्चराइजर या आफ्टर वैक्सिंग जेल से हल्की मसाज करनी चाहिए।
- वैक्सिंग से एलर्जी नहीं हो इसके लिए वैक्सिंग के बाद एंटी एलर्जिक पाउडर या लोशन लगा देना चाहिए। अगर आपको वैक्सिंग से एलर्जी है तो आप वैक्सिंग करवाने से पहले ही एंटी एलर्जिक गोली खा सकती हैं।
- वैक्सिंग के लिए पार्लर या ब्यूटी क्लीनिक चुनते वक्त साफ- सफाई का विशेष ख्याल रखें। ध्यान दें कि तौलिया एवं वैक्सिंग के लिए इस्ते माल किया जाने वाला चाकू साफ और स्टरलाइज्ड हो।

## सार समाचार

### बड़वानी के जंगलों में मिले डायनासोर के 10 अंडे, पुरातत्व विभाग कर रही है जांच

भोपाल। मध्य प्रदेश एक टाइगर स्टेट माना जाता है। लेकिन अब एमपी में डायनासोर के जीवाश्म मिले हैं। पुरातत्व विभाग का दावा है कि प्रदेश के बड़वानी जिले के जंगलों में डायनासोर के 10 अंडे पाए गए हैं। यह अंडे करीब 60 लाख से 1 करोड़ साल पुराने बताए जा रहे हैं। दरअसल बड़वानी जिले के सेंधवा वन मंडल अंतर्गत वरला रेंज में वन विभाग की टीम का पौधरोपण अभियान चल रहा था। इस दौरान पहाड़ी इलाकों में खुदाई के दौरान अंडाकार चट्टानें बरामद हुईं। वन विभाग ने इन चट्टानों की जानकारी पुरातत्व विभाग को दी है। जिसके बाद पुरातत्व विभाग की टीम ने आकर जांच किया। आपको बता दें कि पुरातत्व विभाग ने जब जांच की तो हैरान करने वाले तथ्य सामने आए। ये चट्टान डायनासोर के अंडे निकले।



पुरातत्वविद डॉ डीपी पांडे ने कहा कि कुल 10 अंडे मिले हैं। इनमें सबसे बड़े अंडे का वजन करीब 40 किलो है। अन्य करीब 25 किलो तक के हैं। तीन अंडे वे इंदौर लेकर गए हैं। वहीं बड़वानी के एसडीओ संदीप वास्कले ने कहा कि दो साल पहले भी पुरातत्व विभाग की टीम को वरला रेंज के हिंगवा के पास जंगल में अंडे मिले थे। उस समय वे कुछ अंडे लेकर गए थे। कुछ दिन पहले पुरातत्व विभाग की टीम आई थी। यहां से अंडे लेकर गई। उन्होंने जीवाश्म के डायनासोर के अंडे होने की पुष्टि की है। बड़वानी के जंगलों में डायनासोर के और भी जीवाश्म होने की संभावना है इसलिए संबंधित क्षेत्र को संरक्षित करने के निर्देश दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि दो साल पहले वनरक्षक बद्रीलाल तरौले ने पोस्टिंग के दौरान सबसे पहले इन अंडों को देखा था। जानकारी के अनुसार साल 2007 में धार जिले के जंगलों में भी डायनासोर के जीवाश्म मिले थे। पुरातत्व विभाग को यहां डायनासोर के 25 घोंसले मिले थे। इन घोसलों में बड़ी संख्या में जीवाश्म थे। डायनासोर के जीवाश्म को मांडू में बने फॉसिल पार्क में रखा गया है।

### राजस्थान उच्च न्यायालय ने आसाराम से जुड़े मामले में आईपीएस को तलब किया

जोधपुर । राजस्थान उच्च न्यायालय ने दुष्कर्म के मामले में स्वयंभू संत आसाराम बापू की दोष सिद्ध को चुनौती देने वाली अपील के बाद भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी को तलब किया है। आसाराम ने अपनी याचिका में दावा किया है कि पीड़िता को पुलिस ने सिखाया पढ़ाया था और पुलिस के कहने पर ही पीड़िता बयान दे रही है। न्यायालय ने आईपीएस अधिकारी को अपने साक्ष्य दर्ज करने के लिए तलब किया है। निचली अदालत ने जोधपुर के आश्रम में नाबालिग लड़की के साथ 2013 में दुष्कर्म करने के आरोप में आसाराम को 2018 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। जयपुर के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अजय पाल लांबा को सात मार्च को अदालत के गवाह के रूप में पेश होने के लिए कहा गया है। आसाराम के वकीलों की ओर से दायर याचिका के मुताबिक हो सकता है कि आईपीएस अधिकारी द्वारा की गई वीडियो रिकॉर्डिंग ने किशोरी की गवाही को प्रभावित किया हो।

### गडकरी और नीतीश ने गंगा नदी पर बने पुल को राष्ट्र को समर्पित किया

मुंगेर। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को मुंगेर में गंगा नदी पर बहुप्रतीक्षित 14.5 किलोमीटर लंबे रेल-सह-सड़क-पुल का उद्घाटन किया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पुल की आधारशिला 2002 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहार वाजपेयी द्वारा रखी गई थी। उन्होंने कहा कि कुछ वर्षों में काम पूरा होने की उम्मीद थी, हालांकि, कई कारणों से समय अधिक लग गया। उन्होंने कहा, ह्यह्यरेल-सह-सड़क पुल का अंततः आज उद्घाटन किया गया। यह परियोजना नितिन गडकरी के व्यक्तगत रूप से रूचि लेने के कारण पूरी हुयी है ह्लह्ल पुल के निर्माण में 696 करोड़ रुपये की लागत आयी है। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पुल का उद्घाटन करने वाले गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग सरकार बिहार के हर शहर और गांव को बेहतर संपर्क देने के साथ सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### यात्रियों के लिए रेलवे ने ट्रेनों में फिर से पका हुआ भोजन शुरू किया

नई दिल्ली। रेल यात्रियों को फिर से यात्रा के दौरान ट्रेन में पका हुआ भोजन मिलेगा। 14 फरवरी से ट्रेन में स्वास्थ्यवर्धक, शुद्ध-सात्विक भोजन फिर से बहाल कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे खान-पान और पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) रेल मंत्रालय का एक सार्वजनिक उपक्रम है, जो भारतीय रेल के यात्रियों को प्रीमियम सेवाएं प्रदान करने का काम करता है। यात्रा करने वाले यात्रियों की आवश्यकताओं और देशभर में कोरोना प्रतिबंधों में ढील के साथ आईआरसीटीसी ने ट्रेनों में पके हुए भोजन सेवाओं को पुनः शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। रेलवे बोर्ड से प्राप्त आदेश के अनुसार, पके हुए भोजन की बहाली पूरी सावधानियों के साथ यात्रियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए की गई है। इस तरह की सेवाएं लगभग 428 ट्रेनों में पके हुए भोजन के रूप में बहाल हो चुकी हैं। कोरोना में हो रही कमियों को देखते हुए 21 दिसंबर से ही करीब 30 फीसदी और 22 जनवरी तक 80 फीसदी पके हुए भोजन की सेवा की बहाली कर दी गई थी। बाकी 20 फीसदी फरवरी 14 तक बहाल कर दिया जाएगा। प्रीमियम ट्रेनों (राजधानी, शताब्दी, दुरंतो) में पका हुआ भोजन पहले ही 21 दिसंबर को बहाल कर दिया गया था। गौरतलब है कि 23 मार्च 2020 को कोरोना के कारण सुरक्षा उपायों को देखकर खान-पान सेवाओं को निलंबित कर दिया गया था। देश में कोविड के दरों में संक्रमण दर में गिरावट के साथ आरटीई भोजन 5 अगस्त 2020 से ट्रेनों में भोजन-सेवा शुरू की गई थी। यह सुविधा सभी यात्रियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सहजता से यात्रियों तक निरंतर पहुंचाया जा रहा है।

### इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या देशभर में 10 लाख तक पहुंची

नई दिल्ली। देशभर में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या करीब 10 लाख तक पहुंच गई है। केंद्र की मोदी सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए हाइब्रिड स्कीम चला रही है।देश में हाइब्रिड एवं इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों पर जीएसटी दर 12 से घटाकर 5 प्रतिशत की गई है। साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जरों और चार्जिंग स्टेशनों पर जीएसटी दर 18 से घटाकर 5 प्रतिशत की गई है। इनदिनों देशभर में 966,363 इलेक्ट्रिक वाहन सड़कों पर हैं। डिजिटाइज्ड वाहन रिकॉर्ड के लिए दिए गए हैं, और आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, तेलंगाना तथा लक्षद्वीप के लिए डाटा उपलब्ध नहीं कराए गए हैं, क्योंकि वे केंद्रीकृत वाहन-4 में नहीं हैं। हाइब्रिड एवं इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार ने अखिल भारतीय आधार पर 2015 से इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने और विनिर्माण (हाइब्रिड एवं) स्कीम (फेम इंडिया) आरंभ की। वर्तमान में फेम इंडिया स्कीम के दूसरे चरण को कुल 10,000 करोड़ रुपये की बजटीय सहायता के साथ पहली अप्रैल,2019 को पांच साल की अवधि के लिए कार्यान्वित हो रहा है। राज्यसभा में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बताया कि मोदी सरकार ने देश में बैटरी की कीमतों में कमी लाने के लिए देश में ही एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (एसीसी) के विनिर्माण के उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को मंजूरी दी है। बैटरी की कीमतों में कमी आने का परिणाम इलेक्ट्रिक वाहनों की लागत में कमी के रूप में आएगा।

# हिजाब विवाद पर योगी बोले- शरीयत नहीं, संविधान से चलेगा देश

**नई दिल्ली (एजेंसी)**



देश में हिजाब का मुद्दा फिलहाल गर्म है। हिजाब को लेकर कर्नाटक सरकार की ओर से लिए गए एक फैसले के विरोध में प्रदर्शन जारी है। इन सबके बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हिजाब को लेकर बड़ा बयान दिया है। विभिन्न टीवी चैनलों से बातचीत में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश संविधान से चलेगा ना की शरीयत से। उन्होंने कहा कि हर संस्था को अपना ड्रेस कोड तैयार करने का अधिकार है और संविधान के अनुरूप ही व्यवस्थाएं चलेंगी। इसके साथ ही योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश चुनाव के पहले चरण के बाद से ही विपक्ष का चेहरा मुरझा गया है।

योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता कहते हैं हमने विकास किया। मैंने पूछा कोई तो काम बताओ आपने क्या किया। वो कहते हैं हमने कब्रिस्तान की चारदीवारी बना दी। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार यातायात सुविधाओं को बढ़ाने हेतु प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सहारनपुर के देवबंद से रुड़की तक रेल लाइन का निर्माण करा रही है। रेल लाइन बन जाने से आमजन सहारनपुर से रुड़की की यात्रा सुगमतापूर्वक कम समय में कर सकेंगे। भाजपा सरकार ने बेहतर कनेक्टिविटी व औद्योगिक विकास के नित नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। दिल्ली-सहारनपुर-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर समृद्धि व सुरक्षा का पर्याय बनेगा। इस कॉरिडोर के अंतर्गत बन रहा एशिया का सबसे बड़ा वन्यजीव एलिवेटेड कॉरिडोर जीव-जंतुओं के संरक्षण के नए सोपान गढ़ेगा। योगी ने कहा कि जनता को सुरक्षित परिवेश देने हेतु भाजपा सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में देवबंद सहित प्रदेश के अलग-अलग जगहों पर यूपी एटीएस की 12 नई इकाइयों की स्थापना कर प्रदेश की सुरक्षा को अभेद्य बनाया जा रहा है। हम प्रदेश की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं होने देंगे! इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा के सुशासन में प्रदेश में शै?क्षणिक गतिविधियों का निरंतर विस्तार हुआ है। अमरोहा के हसनपुर में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय व राजकीय महाविद्यालय का निर्माण प्रदेश की समृद्ध और सशक्त शिक्षा व्यवस्था की कहानी कह रहा है। शिक्षा का प्रकाश चहुंओर फैलाना हमारी सरकार का ध्येय है।

## सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी, अल-बद्र के तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया

श्रीनगर। कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। कश्मीर पुलिस ने सोपोर के डांगवाची इलाके में तलाशी अभियान के दौरान अल-बद्र के तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। इतना ही नहीं सुरक्षाबलों ने उनकी तलाशी ली,तब उनके पास से हथियार व गोलाबारूद भी बरामद किया है। गिरफ्तार आतंकियों से पूछताछ जारी है। पुलिस ने बताया कि उनके सूत्रों ने सोपोर के डांगवाची गांव में कुछ आतंकवादियों के देखे जाने की सूचना दी।सूचना के आधार पर पुलिस व सुरक्षाबलों के संयुक्त दल में इलाके में पहुंची तलाशी अभियान शुरू कर दिया।अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने अल-बद्र के तीन सक्रिय आतंकवादियों को दबोच लिया। पूछताछ के आधार पर जब उन्होंने तलाशी ली,तब तीनों के पास से हथियार व गोला-बारूद भी बरामद हुआ। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर तीनों आतंकवादियां से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आतंकियों की पहचान आमिर वानी निवासी नौपोरा सोपोर, तारिक अहमद भट निवासी हंदवाड़ा और वारिस तांत्रे निवासी रवूचा रफियाबाद के रूप में हुई है। उनके कब्जे से एक एके-47, उसकी मैगजीन, एके के ही तीन राउंड, दो पिस्तौल, पिस्तौल के 37 राउंड, उसकी दो मैगजीन और 2 लाख रुपये नकद बरामद हुए हैं। दावा किया जा रहा है, कि पूछताछ के आधार पर आने वाले दिनों में संगठन से जुड़े कई आतंकवादियों व ओवरग्राउंड वर्करों की गिरफ्तारी संभव है। यह भी पता लगाने का प्रयास किया जाएगा कि इन आतंकवादियों को क्या दायित्व सौंपा गया था, जिसके चलते वे इलाके में छिपे हुए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच प्रक्रिय पूरी होने पर इस बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

## अमित शाह का कांग्रेस पर हमला, बोले- वह नहीं कर सकती किसी का विकास, उनके पास न इच्छा है और न शक्ति

**नई दिल्ली (एजेंसी)**



उत्तराखंड में भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। आज उत्तराखंड विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार का आखिरी दिन है। आज भाजपा के कई दिग्गज नेता चुनाव प्रचार के लिए उत्तराखंड पहुंचे हैं। गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भी आज उत्तराखंड में चुनाव प्रचार की और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने वन रैंक-वन पेंशन लागू करके सेना के जवानों के घर में करीब 20 लाख करोड़ रुपये भेजे हैं। इस निर्णय से सबसे ज्यादा फायदा उत्तराखंड के पूर्व सैनिकों को हुआ है। हरदा बताएं कि कांग्रेस की सरकार में क्यों वन रैंक-वन पेंशन का निर्णय नहीं हो पाया? उन्होंने कहा कि जब उत्तरखंड की जनता ने नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया, 5 में से 5 सीटें मोदी जी की झोली में डाल दिया। मोदी जी प्रधानमंत्री बनने के बाद 2015 में वर्षों से चली आ रही वन रैंक वन पेंशन की मांग को पूरा किया। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि केदारनाथ आपदा के बाद कांग्रेस की सरकार में कुछ काम नहीं हुए। भाजपा सरकार ने मोदी सरकार ने 400 करोड़ रुपये की लागत से केदारनाथ का पुनर्निमाण कराया। बद्रीनाथ का पुनर्निर्माण का काम 450 करोड़ रुपये से कराया जा रहा है। गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ धाम, बद्रीनाथ धाम का विकास भाजपा सरकार ने किया है। मोदी जी ने 13 हजार करोड़ रुपये की लागत से चार धाम की फोर लेन ऑल वेदर रोड बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने घोषणा की है कि केदारनाथ से हेमकुंड साहिब के बीच रोपवे से यातायात शुरू होगा। देहरादून से दिल्ली आने में अभी घंटों लगते हैं। भाजपा सरकार आने के बाद एलिवेटेड सड़क से ढाई घंटे में देहरादून से दिल्ली आना-जाना हो सकेगा।

पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उत्तराखंड में 16 हजार करोड़ रुपये की लागत से ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना का काम हो रहा है। टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन परियोजना का भी जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी किसी का विकास नहीं कर सकती क्योंकि उनके पास न इच्छा है और न शक्ति है। उत्तराखंड वासियों ने 2014, 2017 और 2019 में मोदी जी की झोली कमल के निशान से भर दिया था, इस बार भी फिर से नरेन्द्र मोदी जी और पुष्कर धामी पर भरोसा करके भाजपा सरकार बनानी है।

## वैक्सीन के क्षेत्र में सुपरपॉवर बनने की ओर बढ़ रहा भारत, 96 प्र. आबादी को दी जा चुकी है पहली खुराक

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बताया कि देश में अभी तक कोविड-19 टीके के करीब 172 करोड़ इंजेक्शन लगाए गए हैं। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 96 फीसदी पात्र लोगों ने कोरोना वैक्सीन की पहली खुराक लग गई है, जबकि 75 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को दो खुराक दी जा चुकी हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ बलराम भार्गव ने पहली खुराक के 96 प्रतिशत राष्ट्रव्यापी कोविड -19 टीकाकरण की सराहना की और कहा कि भारत एक वैक्सीन महाशक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है। मैसेंजर आरएनए (एमआरएनए) वैक्सीन भारत में क्लिनिकल ट्रायल के तीसरे चरण में है। इस वैक्सीन के भविष्य में अन्य बीमारियों के इलाज के लिए भी काम आने की उम्मीद है। एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ भार्गव ने कहा, 'भारत एक वैक्सीन महाशक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है। आईसीएमआर के महानिदेशक ने कहा कि हमारी आबादी के इतने बड़े हिस्से का टीकाकरण हो चुका है। तीसरी लहर के दौरान मरीजों के अस्पताल में भर्ती होने की नौबत और मृत्यु दर के मामले में वृद्धि नहीं देखी गई। जिसके पीछे की एक बड़ी वजह 96 प्रतिशत लोगों को वैक्सीन की पहली खुराक से सुरक्षा प्रदान किया जाना है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक राष्ट्र के रुप में बड़ी ताकत को दशार्ता है। एमआरएनए वैक्सीन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नीति आयोग के सदस्य-स्वास्थ्य डॉ वीके पॉल ने कहा कि हमें एमआरएनए प्लेटफॉर्म की आवश्यकता है क्योंकि यह नया प्लेटफॉर्म है।

## शिवसेना गोवा में भविष्य के सभी चुनाव लड़ेगी, भाजपा ने पीठ में छुरा घोंपाः आदित्य ठाकरे

**पणजी। (एजेंसी)**



गोवा में चुनाव से पहले शिवसेना अपना दमखम दिखा रही हैं। गोवा ने 12 फरवरी को चुनाव प्रचार थम जाएगा लेकिन उससे पहले सभी पार्टियां लगातार रैलियां करके चुनाव प्रचार कर रही हैं। शिवसेना ने गोवा में पूरी तरह से एक्टिव न होने का ठीकरा प्रचार के दौरान भाजपा पर फोड़ दिया। उन्होंने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी की दोस्ती के कारण गोवा पर पूरी तरह से ध्यान नहीं दे सके क्योंकि उन्हें लग रहा था भाजपा अच्छा काम कर रही हैं लेकिन सच्चा अलग थी। गोवा गलत हाथों में हैं। शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ दोस्ती के कारण पहले गोवा पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सकी, लेकिन भाजपा द्वारा पीठ में छुरा घोंपे जाने के बाद अब शिवसेना ने पंचायत स्तर से लेकर आम चुनाव तकतटीय राज्य में भविष्य के सभी चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

उन्होंने कहा कि गोवा को शिवसेना की जरूरत है क्योंकि केंद्र और राज्य में सत्ता में होने के बावजूद भाजपा सतत विकास में विफल रही है। उल्लेखनीय है कि 2019के महाराष्ट्र चुनाव के बाद शिवसेना भाजपा से अलग हो गई थी और उसने वहां राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा)तथा कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनाई। शिवसेना 14फरवरी को होने जा रहे गोवा विधानसभा चुनाव में राकांपा के साथ मिलकर लड़ रही है।

उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने इस बार गोवा में 10 उम्मीदवार उतारे हैं। गोवा के दिवंगत मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर के बेटे उत्पल पर्रिकर के निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का फैसला करने के बाद पार्टी ने पणजी सीट से अपने उम्मीदवार शैलेंद्र वेलिंगकर को वापस ले लिया है। भाजपा के टिकट देने से इनकार करने के बाद उत्पल पर्रिकर ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का फैसला किया। ठाकरे ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, भाजपा के साथ दोस्ती के कारण शिवसेना ने अतीत में गोवा पर ध्यान केंद्रित नहीं किया था। लेकिन राजनीतिक घटनाक्रम को देखते हुए, जिसमें भाजपा ने शिवसेना की पीठ में छुरा घोंपा, हमने गोवा में भविष्य के सभी चुनाव लड़ने का फैसला किया है। हम यहां से पंचायत, विधानसभा और लोकसभा चुनाव लड़ेंगे... गोवा को शिवसेना की जरूरत है।

## चीन और पाकिस्तान को मिलेगा करारा जवाब, लेटेस्ट सिग सॉयर 716 असॉल्ट राइफल से लैस हुई भारतीय सेना

**नई दिल्ली (एजेंसी)**



सीमा मुद्दे को लेकर चीन के साथ चल रहे विवाद के बीच भारतीय सेना ने उत्तरी सिक्किम में तैनात सैनिकों को लेटेस्ट सिग सॉयर असॉल्ट राइफलें और ऑल-टेरेन व्हीकल (एटीवी) उपलब्ध कराए गए हैं। कई सालों तक इंसास राइफल्स की मदद से आतंकियों और दुश्मनों से लड़ने के बाद अब सेना के पास लेटेस्ट सिग सॉयर 716 असॉल्ट राइफल है। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी), नियंत्रण रेखा (एलओसी) से ये राइफलें आतंकवाद से प्रभावित कई इलाकों में तैनात जवानों को मुहैया कराई गई हैं। इन राइफलों का इस्तेमाल उज्बेकिस्तान के साथ चल रहे अभ्यास 'डस्टलिक' में भी हो रहा है।

सिग-716 का निर्माण अमेरिकी कंपनी 'सिग सायर' ने किया है। यह कंपनी दुनिया में बेहतरीन राइफल बनाने के लिए जानी जाती है। सिग-716 को एलओसी, एलएसी सहित उग्रवाद विरोधी अभियानों के लिए उपलब्ध कराया गया है। भारतीय सेना आमतौर पर एके-47 का इस्तेमाल करती रही है। इसके अलावा लंबे समय तक इंसास का भी इस्तेमाल किया जाता था। कश्मीर में आतंकी पहले से ही एके-47 का इस्तेमाल कर रहे हैं जिसकी मारक क्षमता 300 मीटर है। इंसास की रेंज 400 मीटर हो सकती है। इसका 5.56 मिमी कैलिबर दुश्मन को घायल कर देगा, जिससे बहुत करीब से गोली मारने पर मौत हो जाएगी। नतीजा यह रहा कि कई गोलियां लगने के बाद भी आतंकवादी लड़ते रहे। तालिबान के खिलाफ अमेरिकी सेना को भी इसी समस्या का सामना करना पड़ा था। इसके बाद एक नए प्रकार की असॉल्ट राइफल का विकास शुरू हुआ। इससे पहले, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, ट्विटर पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में, 13 कुमाऊं के एक सैनिक ने उज्बेकिस्तान के साथ डस्टलिक अभ्यास में इस्तेमाल की गई सेना की बिल्कुल नई सिग सॉयर 716 असॉल्ट राइफलों के बारे में बताया था।

सिग सॉयर 716 को 7.62 ७ 51 मिमी राउंड फायर करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी रेंज 600 मीटर है, जो एके-47 से दोगुनी है, यानी आतंकियों को उनके करीब जाए बिना भी निशाना बनाया जा सकता है। इसमें शॉर्ट-स्ट्रोक पिस्टन-चालित ऑपरेटिंग सिस्टम है, जिसके परिणामस्वरूप ऑपरेटर को कम झटका लगता है, जिसका अर्थ है कि सटीकता बढ़ जाती है। इसमें एम1913 मिलिट्री स्टैण्डर्ड रेल्स भी मिलती हैं जिन पर नाइट विजन डिवाइस, टार्च या मिशन की आवश्यकता के अनुसार कोई अन्य उपकरण लगाया जा सकता है।

# सिख दंगे को लेकर जेपी नड्डा का कांग्रेस पर तंज, कहा- जिनके हाथ खून से रंगे थे, वे वोट मांगने आ रहे हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा आज पंजाब में है। पंजाब में उन्होंने चुनावी सभा किया अपने चुनावी सभा में जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। जेपी नड्डा ने कहा कि पंजाब की धरती वीरों की धरती है, धार्मिक गुरुओं की धरती है, पुण्यभूमि है। देश की आजादी से लेकर, देश की सुरक्षा के लिए पंजाब के वीरों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। ये शहीद भगत सिंह जी की भूमि है। मैं ऐसी भूमि को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि पंजाब के बारे में, सिख भाइयों के बारे में सभी लोगों ने बड़ी-बड़ी बातें की। लेकिन आज तक किसी ने सिख भाइयों के लिए, किसानों के लिए वो सब नहीं किया, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।

नड्डा ने कहा कि गुरुद्वारों में पहुंचने वाले लंगर के सामान पर पहले की सरकारों में टैक्स लगता था। मोदी जी ने सभी गुरुद्वारों को लंगर के लिए टैक्स फ्री कर दिया। करतारपुर साहिब कॉरिडोर के लिए वर्षों से मांग हो रही थी। कितने ही नेता आए जो पंजाब की और देश की गद्दी पर बैठे, लेकिन किसी ने कुछ नहीं किया। मोदी जी ने 120 करोड़ रुपये की लागत से करतारपुर कॉरिडोर बनाकर लाखों श्रद्धालुओं के गुरुद्वारे तक जाने की व्यवस्था की है। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि 1984 में दिल्ली में दंगे हुए। कांग्रेस पार्टी के नेता तब कहते थे कि जब बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है। अब ये आपके सामने वोट मांगने आए हैं।

नड्डा ने कहा कि ये वो लोग थे, जिन्होंने दंगों में अपने हाथ खून से रंगे थे, ये वो कांग्रेसी थे, जिन्होंने मानवता को शर्मशार किया था। ये वो कांग्रेसी थे जिन्होंने आजाद भारत में ऐसी स्थिति ला दी जिसमें भाई-भाई को मारने लगा था। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पंजाब में 2014 में 18 लाख स्कॉलरशिप थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने इन्हें बढ़ाकर 31 लाख कर दिया है। करीब 1517 नए स्कूल बने हैं। भारत सरकार ने 2014 के बाद 6 नवोदय विद्यालय खोले गए हैं। 14 स्पोर्ट्स सेंटर बने हैं। हमारे गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादे जिन्होंने कभी झुकना नहीं सीखा, उन्होंने धर्म की लड़ाई लड़ते-लड़ते अपना बलिदान दिया था। मोदी जी ने 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' जो सारे देश में मनेगा इसकी घोषणा की।

### गिरिराज सिंह का अखिलेश पर हमला, यूपी में नहीं लौटेंगी गुंडागर्दी की सरकार

लखनऊ । यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज है।इस बीच शनिवार को दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार भी थम जाएगा।वहीं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने अखिलेश यादव पर पलटवार कर कहा कि उनका चेहरा बता रहा है,कि अब गुंडागर्दी की सरकार उत्तर प्रदेश में लौटकर नहीं आएगी। चाहे वे कितने भी कट्टरपंथियों को जोड़ने की कोशिश कर ले। अखिलेश कितना भी हिजाब का आंदोलन चला ले। साथ ही उन्होंने कहा कि वे( अखिलेश यादव) आजम खान, अतीक अहमद को प्रगतिशील कह रहे हैं। अगर ये लोग प्रगतिशील है,तब उत्तर प्रदेश की जनता भी इन्हें प्रगति के रास्ते पर बाहर भेज देगी। इसके साथ ही हिजाब भी बात पर गिरिराज सिंह ने समान नागरिक संहिता वक्त की जरूरत बताकर कहा कि इस पर समाज और संसद दोनों में चर्चा होनी चाहिए। गिरिराज सिंह ने हिजाब पहनने को लेकर हो रहे विवाद को ह्यह्यदेश के माहौल को खराब करने के उद्देश्य से परेशान करने वाला चलन करार दिया। उन्होंने कहा कि कुछ वोट के सौदागर हैं, जो अपने राजनीतिक फायदे के लिए स्कूलों में हिजाब पहनने जैसी अतार्किक मांग का समर्थन कर रहे हैं।इसतरह के लोग वोटों के लिए निर्दोष बच्चियों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। मेरा मानना है कि समान नागरिक संहिता वक्त की जरूरत है और इसके बारे में सड़क से लेकर संसद तक चर्चा की जानी चाहिए। उधर लखीमपुर हिंसा के आरोपी आशीष मिश्रा को जमानत मिलने पर भाजपा पर निशाना साधकर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश ने कहा कि छात्रों के लिए विश्वविद्यालय बनाने वाले आजम खान झूठे मुकदमों के कारण जेल में हैं, लेकिन किसानों को जीप से कुचलने वाला जेल से बाहर है,यहीं भाजपा का न्यू इंडिया है। उन्होंने कहा कि गुरुवार को जिस तरह से पहले चरण का मतदान हुआ उससे कल शाम को ही परिणाम आ गए और इस बार भाजपा की हवा खराब है, उसका सफाया होने जा रहा है। रामपुर में दूसरे चरण में होने वाले मतदान के लिए सपा के प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा कर अखिलेश यादव ने कहा कि अब्दुल्ला आजम (आजम खान के बेटे) को दो साल तक झूठे मुकदमों के कारण जेल में रहना पड़ा। आजम खान को भी झूठे मुकदमों में जेल भेज दिया गया और उन पर भैंस चोरी, मुर्गी चोरी, किताब चोरी के मुकदमे लगाए गए।



# 'गंगुबाई काठियावाड़ी' से अपनी फिल्म 'जयेशभाई जोरदार' का क्लैश टालेंगे रणवीर सिंह

देश में कोरोना के हालात सुधरते ही बॉलीवुड में नई रिलीज डेटों का सिलसिला शुरू हो चुका है। बुधवार को एक ही दिन में दोपहर तक कार्तिक आर्यन और अमिताभ बच्चन की फिल्मों की नई रिलीज डेट्स अनाउंस हुईं। कार्तिक की 'भुल भुलैया-2' पहले 25 मार्च को आने वाली थी, लेकिन अब यह 20 मई को रिलीज होगी। वह इसलिए कि 25 मार्च को 'आरआरआर' रिलीज हो रही है। ठीक इसी तरह अमिताभ बच्चन की 'झुंड' जहां पिछले साल अक्टूबर में आनी थी, लेकिन वह कचहरी के विवादों में फंसी थी। अब वह फाइनली 4 मार्च को आएगी। प्रभास की 'राधे श्याम' की पुरानी रिलीज डेट के तहत इस वेलैंटाइन पर आनी थी, मगर वह अब 11 मार्च को रिलीज होगी।

## 'जयेशभाई जोरदार' की रिलीज डेट पर सस्पेंस कायम

हालांकि ट्रेड पंडित हैरान हैं कि इस साल यशराज की तकरीबन 5 फिल्में रिलीज होने जा रही हैं, पर अब तक उनकी रिलीज की तारीखों या प्रोमोशन के मद्देनजर सुगबुगाहट नजर नहीं आ रही है। वो पांच फिल्में 'पृथ्वीराज', 'जयेशभाई जोरदार', 'शमशेरा', 'टाइगर-3' और 'पठान' हैं। इनमें 'टाइगर-3' और 'पठान' की शूटिंग लास्ट स्टेज में हैं। अगले दो महीनों में उनका पोस्ट प्रोडक्शन पूरा हो जाएगा। फिर भी उनकी रिलीज की तारीखें अब तक सामने नहीं आई हैं। वरना अमूमन बड़े बजट वाली फिल्में शूट पर जाते ही अपनी रिलीज की तारीख पहले अनाउंस कर देती हैं। ठीक इसी तरह 'पृथ्वीराज' को वो कब लाएंगे, क्या 'शमशेरा' और 'बच्चन पांडे' और 'जयेशभाई जोरदार' और 'गंगूबाई' आपस में टकराएंगी, इन पर अब तक सस्पेंस और सन्नाटे का माहौल है।

## 'गंगूबाई' से अपनी फिल्म का क्लैश टालेंगे रणवीर सिंह

ट्रेड एनालिस्ट अतुल मोहन कहते हैं, ''मेरे ख्याल से 'गंगूबाई' और गली बॉय यानी रणवीर सिंह की 'जयेशभाई जोरदार' क्लैश टाल सकती है। 'जयेशभाई जोरदार' आगे 4 मार्च को जा सकती है, वरना उसे 'गंगूबाई' के साथ साथ साउथ के सुपरस्टार अजित कुमार की 'वलीमाई' से भी क्लैश करना होगा। देखना दिलचस्प होगा कि यशराज मौजूदा परिस्थितियों में क्या फैसला लेते हैं। इधर, यशराज की तरफ से खबर लिखने तक प्रतिक्रिया आनी बाकी थी। माना जा रहा था कि उनके अधिकारी माथापच्ची में लगे हुए हैं कि अपनी फिल्मों के लिए कौन सी बेहतर डेट्स होंगी। उधर, 'राधे श्याम' के एक महीने आगे खिसकने की वजह भी अतुल मोहन ने जाहिर की है। उनका कहना है, ''वह बड़े बजट की फिल्म है। ऐसे में उसे प्रोमोशन के लिए महीने भर का वक्त चाहिए। लिहाजा उसे फरवरी के बजाय मार्च में लाया जा रहा है। 'भूल भुलैया-2' के लिए अप्रैल में आना मुनासिब नहीं था, क्योंकि तब 'केजीएफ-2', 'लाल सिंह चड्ढा', 'सालार', 'बीस्ट', 'हीरोपंथी-2' और 'रनवे-34' आ रही हैं। 'हीरोपंथी-2' और 'रनवे-34' टाईगर श्रॉफ और अजय देवगन की फिल्में हैं। ऐसे में उनकी गूंज मई के पहले हफ्ते तक भी रहने की संभावना है। लिहाजा 'भूल भुलैया-2' के मेकर्स ने 20 मई की तारीख फाइनल की है।

# ट्विंकल खन्ना को मजबूरी में चुनना पड़ा था एक्टिंग प्रोफेशन

एक्ट्रेस से राइटर बनीं ट्विंकल खन्ना ने हाल ही में ट्वीक इंडिया प्लेटफॉर्म पर करीना कपूर के साथ अपनी बातचीत के दौरान, खुलासा किया कि कैसे उन्होंने एक्टिंग के प्रोफेशन को मजबूरी में चुना क्योंकि उनकी मां डिंपल कपाड़िया एक सिंगल मदर थीं। साथ ही शो में करीना ने भी एक्ट?िग में अपने करियर पर बात की और कहा ''एक्ट्रेस बनने के लिए भी, आपको एक कलाकार होना पड़ता है। लोग कहते हैं कि ये तो आसान रास्ता है, पर मुझे लगता है कि ये बेहद मुश्क?िल है।'' करीना की इस बात पर सहमति जताते हुए ट्व?िकल ने जवाब देते हुए कहा, ''मुझे नहीं लगता कि ये आसान है, मैं तो इसे नहीं कर पाई।'' ट्विंकल ने इसके बाद करीना से पूछा कि उन्होंने अपनी फैमिली को कैसे कन्विन्स किया कि वो फिल्मों में काम करना चाहती हैं, क्योंकि 'कपूर खानदान की लड़कियों को फिल्मों में जाने की इजाजत नहीं थी'। करीना ने जवाब देते हुए कहा, ''मेरी मां बहुत ही सपोर्टिव थीं। जब मेरे पापा को पता चला कि लोलो (करिश्मा कपूर) एक्ट्रेस बनना चाहती हैं, तो वो थोड़ा दुखी हुए पर बहुत से लोगों को उनकी ये बात भी पता होगी कि वो बहुत ओपन-माइंडेड हैं। वो पिता होने से ज्यादा हमारे लिए दोस्त की तरह हैं।'' ट्विंकल ने की अपने करियर चॉइस पर बात



ट्विंकल आगे अपने करियर चॉइस पर कहती हैं, ''मुझे पता है कि आपके लिए यह एक चॉइस थी पर मेरे लिए नहीं। मैं सच में एक्ट्रेस नहीं बनना चाहती थी। जरूरत के कारण बनीं, मेरी मां एक सिंगल मॉम थीं और वो सभी का खर्चा उठाती थीं। मुझे लगता है कि लोलो के लिए भी कुछ ऐसा ही रहा होगा, उन्हें कॉलेज छोड़ना पड़ा और एक्टिंग में आना पड़ा। हमने बहुत कम उम्र में यह शुरू किया था। उस समय अपने फैमिली को सपोर्ट करने का यही सबसे तेज तरीका था।'' डिंपल-राजेश के सेपरेशन के बाद मां के साथ रहती थीं ट्विंकल ट्विंकल की मां डिंपल कपाड़िया 1973 में राजेश खन्ना के साथ शादी के बंधन में बंध गईं और 1982 में उनसे अलग हो गई थीं। दोनों की दो बेटियां हैं, जिनका नाम ट्विंकल और रिंकी खन्ना है। सेपरेशन के बाद ट्विंकल और रिंकी दोनों अपनी मां के साथ रहने लगी थीं। ट्विंकल ने जनवरी 2001 में एक्टर अक्षय कुमार से शादी की और उनका एक बेटा आरव और एक बेटी नितारा हैं।

# हुमा कुरैशी की साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज मिथ्या 18 फरवरी को होगी रिलीज



बॉलीवुड एक्ट्रेस जल्द ही साइकोलॉजिकल थ्रिलर मिथ्या में नजर आने वाली हैं। इस सीरीज में हुमा कुरैशी के साथ भाग्यश्री की बेटी अवंतिका दसानी भी दिखेंगी। मिथ्या को 6-भाग में जी5 पर दिखाया जाएगा। इस शो को रोहन सिप्पी ने निर्देशित और रोज़ ऑडियो विज़ुअल प्रोडक्शन के सहयोग से अप्लॉज़ एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। अवंतिका दसानी इस सीरीज से अपना डेब्यू कर रही हैं। उनके साथ इस शो में परमब्रता चटर्जी, रजीत कपूर और समीर सोनी भी अहम भूमिका में नज़र आएंगे। मिथ्या में हुमा कुरैशी जूही की भूमिका निभाते हुए नज़र आएंगी, जो एक हिंदी साहित्य विश्वविद्यालय की प्रोफेसर हैं और अवंतिका दसानी उनकी छात्रा, रिया राजगुरु के रूप में दिखाई देंगी। यह सीरीज 18 फरवरी को जी5 पर रिलीज होगी। हुमा कुरैशी ने कहा, जब मैंने मिथ्या की कहानी पढ़ी, तो मैं तुरंत इस दुनिया और सभी स्तरित किरदारों के प्रति आकर्षित हो गई थी। इस तरह की शैली का हिस्सा बनना और पहली बार हिंदी प्रोफेसर की भूमिका निभाना बहुत ही रोमांचकारी रहा। रोहन सिप्पी, गोल्डी बहल और सभी कलाकारों के साथ काम का अनुभव बहुत ही शानदार रहा और उम्मीद करती हूं कि मिथ्या आपको वैसे ही जोड़े रखेगी जैसे मैं थी।



# फरहान और शिबानी 21 फरवरी को करेंगे शादी

**एक्टर-डारेक्टर फरहान अख्तर और सिंगर शिबानी दांडेकर 21 फरवरी को शादी करेंगे। इस बात को उनके पिता और बॉलीवुड लिरिसिस्ट जावेद अख्तर ने कंफर्म किया है। उन्होंने बताया कि दोनो 21 को शादी को अपनी शादी रजिस्टर करेंगे और उसके बाद एक छोटा सा सेलिब्रेशन होगा।**

## शादी की तैयारियां वेडिंग प्लानर कर रहे हैं

शादी को लेकर जावेद ने कहा, कपल 21 फरवरी को अपनी शादी कोर्ट में रजिस्टर करेंगे। इसके बाद परिवार और दोस्तों के साथ खंडाला स्थित फार्महाउस में एक इंटिमेट सेलिब्रेशन होगा। शादी की जो तैयारियां हैं वह सब वेडिंग प्लानर देख रहे हैं। उन्होंने आगे कहा पैंडेमिक के कारण हम इस सेलिब्रेशन को बहुत छोटा रख रहे हैं। खैर अभी तक किसी को इनविटेशन भेजे नहीं हैं।

## हम सब शिबानी को बहुत पसंद करते हैं

शिबानी की बात करते हुए जावेद ने बताया, वह बहुत अच्छी लड़की है। हम सब उसको बहुत पसंद करते हैं। सबसे बड़ी बात है कि फरहान और शिबानी एक दूसरे को पसंद करते हैं और शादी कर रहे हैं। यह बहुत अच्छी बात है।

## फरहान-शिबानी करीब 4 साल से रिलेशन में हैं

रिपोर्ट के मुताबिक, फरहान और शिबानी ने शादी में सब्यसाची के आउटफिट पहनने का फैसला किया है। हालांकि, कपल अभी अपने आउटफिट को लेकर किसी को कुछ भी पता नहीं लगने देना चाहते हैं। बता दें कि फरहान-शिबानी करीब 4 साल से रिलेशन में हैं और लिव-इन में रह रहे हैं। यहां तक कि दोनों ने पेट्स को भी एक साथ गोद लिया है।

# भूषण कुमार अब वेब सीरीज भी करेंगे प्रोड्यूस



देश की सबसे बड़ी म्यूजिक लेबल कंपनी 'टी-सीरीज' अब ओटीटी प्लेटफॉर्म की तरफ रुख कर रही है। इस बात की जानकारी 'टी-सीरीज' के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर भूषण कुमार ने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर दी। पोस्ट में उन्होंने यह अनाउंसमेंट की है कि 'टी-सीरीज' अब ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए बनाए जाने वाली फिल्में, वेब सीरीज और कंटेंट को भी प्रोड्यूस करेगी। इसके लिए 'टी-सीरीज' ने आनंद एल राय, अनुभव सिन्हा, निखिल आडवाणी, हंसल मेहता जैसे कई दिग्गज फिल्ममेकर्स से हाथ मिलाया है।

इस अनाउंसमेंट पर खुशी जाहिर करते हुए भूषण कुमार ने कहा, ''टी-सीरीज हमेशा से दमदार कहानियों पर विश्वास करता आया है, चाहे वह संगीत के माध्यम से हो या फिल्म के। अपनी इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए, हम पॉवरहाउस कंटेंट मेकर्स आनंद एल राय, अनुभव सिन्हा, निखिल आडवाणी, हंसल मेहता, संजय गुप्ता, बिजॉय नांबियार, सुपरन एस वर्मा, मिखिल मुसाले, सौमेंद्र पाधी जैसे कई दिग्गजों के साथ फिल्में और वेब सीरीज को प्रोड्यूस करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। हमारा अहम लक्ष्य यह है कि इस माध्यम से हम दर्शकों को फ्रेश,ओरिजिनल और एक्सक्लूसिव स्टोरी पेश करें।''

भूषण कुमार ने आगे कहा, ''हमारा लक्ष्य ऐसा कंटेंट बनाने का है, जो दर्शकों उससे जोड़े रखेगा। और इसके अंतर्गत हम नए बाजारों को टैप करेंगे। हम म्यूजिक, फिल्म्स और वेब शो के निर्माण के साथ विविधता लाकर एक रचनात्मक केंद्र बनने के लिए बेहद उत्साहित हैं। हाल ही में फाइनेंस मिस्टर ने बजट की घोषणा की। यह अनुमान लगाया जा रहा है कि ग्रामीण भारत को वर्ष 2025 तक ऑप्टिक फाइबर के माध्यम से जोड़ा जाएगा। इसका अनिवार्य रूप से मतलब है कि इंटरनेट आसानी से और लागत प्रभावी रूप से उपलब्ध होगा, जो निश्चित रूप से ओटीटी और कंटेंट क्रिएटर्स की दुनिया के लिए एक बड़ा बढ़ावा होगा।''

# झुंड के जरिये दर्शकों से रूबरू होंगे अमिताभ



कोविड-19 के चलते कई बड़े सितारों की फिल्मों का प्रदर्शन पिछले दो साल से लगातार आगे-पीछे होता आ रहा है। इन सितारों में अमिताभ बच्चन भी शामिल हैं, जिनकी स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म झुंड पिछले साल से प्रदर्शन की राह देख रही है। पिछले सप्ताह से फिल्मों के प्रदर्शन की तिथियों की घोषणा लगातार हो रही है। इसी कड़ी में अब अमिताभ बच्चन ने भी अपनी फिल्म झंडु के प्रदर्शन की तिथि घोषित कर दी है। उनकी यह फिल्म आगामी 4 मार्च को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने को तैयार है। अमिताभ बच्चन की ये फिल्म नागराज मंजुले द्वारा निर्देशित है। इस फिल्म को भूषण कुमार को-प्रोड्यूस कर रहे हैं। खैर अब अमिताभ बच्चन को वापस एक्शन में देखने का समय आ गया है! अमिताभ बच्चन की झुंड एक स्पोट्र्स ड्रामा, जो विजय बरसे के जीवन पर आधारित है। विजय बरसे एनजीओ स्लम सॉकर के संस्थापक हैं। बिग बी ने इसकी घोषणा करते हुए ट्वीट किया, इस टोली से मुकाबला करने के लिए रहो तैयार! हमारी टीम आ रही है। झुंड 4 मार्च 2022 को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस बीच, झुंड के अलावा बिग बी के पास कुछ और प्रोजेक्ट हैं। वह ब्रह्मास्त्र में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगे। फिल्म अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित है और 9 सितंबर, 2022 को रिलीज होने वाली है। इसके अलावा बिग बी जल्द ही अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह के साथ रनवे 34 में भी दिखाई देंगे है। ये फिल्म 29 अप्रैल 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# आयुष्मान खुराना की फिल्म अनेक की नई रिलीज डेट आई सामने

बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना जल्द ही फिल्म अनेक में नजर आने वाले हैं। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अनुभव सिन्हा ने निर्देशन में बनी यह फिल्म पहले 31 मार्च को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब फिल्म की रिलीज डेट बदल गई है। फिल्म अनेक अब 13 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आयुष्मान ने फिल्म अनेक की रिलीज डेट की जानकारी अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्टर शेयर कर दी है। आयुष्मान ने फिल्म का नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में आयुष्मान खुराना एक चट्टान के पीछे से कैमरे की ओर देखते हुए दिख रहे हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा, फर्क करने में सिर्फ एक लगता है। ये एकजुट होने का वक्त है। जीतेगा कौन? हिंदुस्तान। अनेक सिनेमाघरों में 13 मई, 2022 को रिलीज होगी। फिल्म अनेक एक स्पाई थ्रिलर फिल्म है और इसकी शूटिंग नॉर्थ ईस्ट की कई लोकेशन्स हुई है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना जोशुआ का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में आयुष्मान के साथ कोई एक्ट्रेस नजर नहीं आने वाली हैं। फिल्म की कहानी को कुछ इस तरह पिरोया गया है, जिसे देख दर्शकों को हीरोइन की कमी नहीं खलेगी।



# अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रदर्शित होगी सरकारू वारी पाटा

दक्षिण भारतीय सिने दर्शकों में साउथ सुपरस्टार महेश बाबू स्टारर फिल्म सरकारू वारी पाटा को लेकर काफी बज है। इस फिल्म को गीता गोविंदम फेम निर्देशक परशुराम बना रहे हैं। बीते दिनों ही निर्माताओं ने इस फिल्म की नई प्रदर्शन तिथि का ऐलान किया है। महेश बाबू स्टारर इस फिल्म के बारे में कहा जा रहा है कि यह एक पूरी तरह से पारिवारिक रिश्तों पर आधारित फिल्म है, जिसे लेकर दर्शक काफी उत्साहित हैं। वैसे भी दक्षिण भारत में उन फिल्मों को व्यापक सफलता मिलती है जो अपने सांस्कृतिक मूल्यों का निर्वाह करते हैं। फिल्म की शूटिंग करीब-करीब पूरी हो चुकी है। यह फिल्म इन दिनों पोस्ट प्रोडक्शन फेज में है। इस बीच निर्माताओं ने इस फिल्म को 12 मई 2022 को प्रदर्शित करने की घोषणा कर दी है। फिल्म में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त अभिनेत्री कीर्थि सुरेश नायिका के तौर पर नजर आएंगी। कीर्ति को महानती के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया था। बॉलीवुड लाइफ के अनुसार इस फिल्म ने एक मेगा ओटीटी स्ट्रीमिंग राइट्स की डील हथिया ली है। फिल्म निर्माता इस फिल्म के सिनेमा अनुबंध के पूरा होते ही ओटीटी स्ट्रीमिंग में बिल्कुल देरी न करते हुए एक बड़े प्लेटफॉर्म पर इसे रिलीज कर देंगे। सरकारू वारी पाटा की स्ट्रीमिंग के लिए महेश बाबू की प्रोडक्शन कंपनी ने अमेजॉन प्राइम वीडियो से हाथ मिलाया है। इतना ही नहीं, इस फिल्म की ओटीटी रिलीज के लिए एक बेहद मोटी रकम में डील फाइनल हुई है। ये टॉलीवुड की सबसे महंगी ओटीटी स्ट्रीमिंग डील मानी जा रही है। क्योंकि अभी तक आरआरआर ने डिजिटल स्ट्रीमिंग राइट्स की डील फाइनल नहीं की है।

## सार समाचार

### क्वाड का दावा, कोविड-19 रोधी टीकों की पहली खेप का वितरण 2022 की पहली छमाही में होगा

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर इस समय क्वाड देशों के साथ बैठक कर रहे हैं। क्वाड एक ऑस्ट्रेलिया, जापान, भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका देशों का समूह है। समूह ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि कोविड-19 टीकों का पहला बैच, जो भारत के जैविक ई द्वारा निर्मित दुनिया भर में शॉट्स दान करने की प्रतिज्ञा के देशों के क्वाड समूह का हिस्सा है, 2022 की पहली छमाही में शुरू होगा। पिछले साल, ऑस्ट्रेलिया, जापान, भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका, जिसे क्वाड के रूप में जाना जाता है, ने 2022 के अंत तक दुनिया भर में एक अरब से अधिक कोविड-19 टीकों की आपूर्ति करने का वादा किया था।

क्वाड देशों का संकल्प

क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जारी एक बयान में कहा गया है, ऑस्ट्रेलियाई शहर मेलबर्न में शुक्रवार को कहा ₹हम भारत में जैविक ई लिमिटेड सुविधा में वैक्सीन उत्पादन के विस्तार में क्वाड वैक्सीन पार्टनरशिप की तेजी से प्रगति से खुश हैं, जिसका लक्ष्य 2022 के अंत तक कम से कम 1 बिलियन टीके वितरित करना है। बयान में टीकों की मात्रा निर्दिष्ट नहीं की गई थी और न ही वे किन देशों में जाएंगे।

कोविड-19 रोधी टीकों की पहली खेप का वितरण 2022 की पहली छमाही में होगा

चार देशों के संगठन क्वाड ने शुक्रवार को कहा कि समूह की पहल के तहत कोविड-19 रोधी टीकों की पहली खेप का वितरण 2022 की पहली छमाही में हो जाएगा। इसके साथ ही समूह के विदेश मंत्रियों ने भारत के एक प्रतिष्ठान में टीकों के उत्पादन में तेज प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। मेलबर्न में क्वाड विदेश मंत्रियों की चौथी बैठक में भाग लेने के बादविदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि सुरक्षित और सस्ते टीकों के वितरण में तेजी लाने, क्षमता निर्माण में वृद्धि और अंतिम व्यक्ति तक टीका वितरण के लिए बुनियादी ढांचा बढ़ाने पर सहमति हुई। इस संबंध में एक संयुक्त बयान में कहा गया, एक साथ, हमने विश्व स्तर पर 1.3अरब से अधिक टीका खुराक दान करने का संकल्प लिया है।

हम भारत में बायोलॉजिकल ई लिमिटेड प्रतिष्ठान में टीका उत्पादन के विस्तार में क्वाड टीका भागीदारी की तेज प्रगति से प्रसन्न हैं, जिसका उद्देश्य 2022 के अंत तक कम से कम एक अरब टीके वितरित करना है।' जयशंकर के अलावा, बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, जापानी विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री मारिस पायने शामिल हुए। बयान में कहा गया कि क्वाड भागीदारों ने सामूहिक रूप से 50 करोड़ से अधिक टीका खुराक उपलब्ध कराई हैं। इसमें कहा गया, हम इस साल की पहली छमाही में क्वाड-समर्थित टीकों की पहली खेप के वितरण की उम्मीद कर रहे हैं।

### कनाडा में ट्रक जाम के बाद ओंटारियो ने आपातकाल की घोषणा की

टोरंटो। कनाडाई राज्य ओंटारियो के प्रीमियर ने ओटावा और अमेरिका की सीमा पर ट्रक जाम की स्थिति को देखते हुए शुक्रवार को आपातकाल की घोषणा की। ओंटारियो के प्रीमियर डाउग फोर्ड ने साथ ही कहा कि सामान और लोगों की आवाजाही बाधित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए वह नए कानून जल्द लाने की मांग करेंगे। फोर्ड ने कहा कि वह शनिवार को प्रांतीय कैबिनेट की बैठक बुलाएंगे ताकि ऐसे आदेशों को लागू कराया जा सके कि बुनियादी सुविधाओं को रोकना अवैध हैं। उन्होंने कहा ,'हम दो सप्ताह से ओटावा में यह देख रहे हैं ,अब ये विरोध प्रदर्शन नहीं है ,यह अवैध कब्जा है।' कनाडा में लगातार चौथे दिन सैकड़ों ट्रक चालकों ने अपने वाहन के साथ प्रदर्शन किया। उन्होंने ओंटारियो में विंडसर को अमेरिकी शहर डेट्रॉइट से जोड़ने वाले एम्बेसडर ब्रिज को अवरुद्ध कर दिया है जिससे दोनों देशों के बीच ऑटो पार्ट्स तथा अन्य उत्पादों का आयात-निर्यात बाधित हो गया है।

### फीनिक्स में मुठभेड़ में नौ पुलिस अधिकारी घायल

फीनिक्स। फीनिक्स में एक व्यक्ति ने घर पहुंचे पुलिस अधिकारी पर शुक्रवार को घात लगाकर गोलियां चलाई। इसके बाद आरोपी ने एक बच्चे को बचाने घटनास्थल पर पहुंचे अन्य पुलिस अधिकारियों पर भी गोलियां चलाई। घटना में कुल नौ अधिकारी घायल हुए हैं। फीनिक्स के पुलिस सार्जेंट एंडी विलियम्स ने बताया कि सभी घायलों के जल्द स्वस्थ्य होने की उम्मीद है। बच्चा सुरक्षित है। विलियम्स ने बताया ,'एक महिला के गोली मारने की घटना की जानकारी मिलने पर एक पुलिस अधिकारी दोपहर सवा दो बजे एक घर पर पहुंचा। घर के दरवाजे पर पहुंचते ही एक व्यक्ति ने उस पर कई बार गोलियां चलाई।' उन्होंने बताया कि अधिकारी वहां से सुरक्षित निकलने में कामयाब रहा। उन्होंने बताया कि कुछ देर बाद एक व्यक्ति बाहर आया और उसने एक बच्चे को दरवाजे पर बैठा दिया और आत्मसमर्पण के लिए हाथ उठाए। इस पर अन्य अधिकारियों के वहां पहुंचने पर उन पर भी गोलियां चलाई गईं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### संयुक्त राष्ट्र श्रम एजेंसी ने चीन के शिनजियांग क्षेत्र पर चिंता व्यक्त की

जेनेवा। संयुक्त राष्ट्र श्रम मंत्रालय की एक वार्षिक रिपोर्ट में चीन के शिनजियांग प्रांत में उइगर तथा अन्य मुस्लिम अल्पसंख्यकों की काम की परिस्थियों को रेखांकित किया गया है। रिपोर्ट में लोगों को उपनी मर्जी से रोजगार चुनने से वंचित करने के लिए कठोर कदम उठाए जाने का भी संकेत दिया गया है और चीन से इस बात की और सूचना देने की मांग की गयी है कि वह उनके मानवाधिकारों का सम्मान कैसे कर रहा है। यह रिपोर्ट अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन समिति ने पेश की है। अधिकार समूह और पश्चिमी देशों की सरकारों ने क्षेत्र में मुसलमानों के साथ हो रहे बर्ताव पर चिंता जताई है। स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की 20 सदस्यीय समिति ने एक अलग रिपोर्ट दी है जिसमें चीनी सरकार का बचाव करते हुए कहा गया है कि चीन के अनुसार शिनजियांग में व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र चलाए जा रहे हैं। बीजिंग का कहना है कि इन केन्द्रों का मकसद आर्थिक स्थिति में सुधार लाना और क्षेत्र में चरमपंथी हिंसा को कम करने में मदद करना है। समिति ने चीन की सरकार से इस बारे में अधिक जानकारी प्रदान करने का आह्वान किया कि उसकी नीतियां 'स्वतंत्र रूप से चुने गए रोजगार' का समर्थन कैसे करती हैं और जबरन श्रम को कैसे रोकती हैं, साथ ही इसमें उइगरों के प्रशिक्षण केन्द्रों में पाठ्यक्रमों के प्रकार और लोगों की संख्या के बारे में जानकारी देने को कहा गया है। जेनेवा में चीन के राजनयिक मिशन ने इस संबंध में एसोसिएटेड प्रेस द्वारा भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं दिया है।

### क्वाड बीजिंग पर लगाम लगाने के लिए एक उपकरण की तरह है: चीन

बीजिंग। चीन ने शुक्रवार को कहा कि उसे आगे बढ़ने से रोकने के लिए क्वाड गठबंधन एक 'उपकरण' की तरह है और यह टकराव को तेज करने के लिए 'जानबूझकर उठाया गया कदम' है जो सफल नहीं होगा। क्वाड में भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान शामिल हैं। चीन का सामरिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में कई देशों के साथ क्षेत्रीय विवाद है और वह क्वाड गठबंधन का इसके गठन के समय से ही विरोध करता रहा है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'चीन का मानना है कि अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया द्वारा मिलकर बनाया गया तथाकथित क्वाड समूह चीन को घेरने और अमेरिकी आधिपत्य बनाए रखने के लिए एक उपकरण है।'



तेहरान में इस्लामिक क्रांति की बरसी पर अमेरिकी झंडे को जलाते हुए धार्मिक नेता।

## यूक्रेन पर रूसी आक्रमण का खतरा, अपने दूतावास को खाली करने की तैयारी में अमेरिका




वाशिंगटन। पश्चिमी खुफिया अधिकारियों द्वारा यूक्रेन पर रूसी आक्रमण का खतरा जताए जाने के बीच अमेरिका यूक्रेन में अपने दूतावास को खाली करने की तैयारी कर रहा है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि विदेश मंत्रालय जल्द ही यह घोषणा करने वाला है कि रूसी आक्रमण की आशंका के मद्देनजर कीव दूतावास के सभी अमेरिकी कर्मचारियों को पहले ही देश छोड़ना होगा। विदेश मंत्रालय ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। मंत्रालय ने पहले यूक्रेन में अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों के परिवारों को देश छोड़ने का आदेश दिया था। इसके अलावा गैर-आवश्यक कर्मियों से कहा गया था कि वे वहां से प्रस्थान करना चाहते हैं या नहीं, यह उनके विवेक पर निर्भर है। नया कदम ऐसे वक्त में आया है जब अमेरिका ने यूक्रेन पर संभावित रूसी आक्रमण के बारे में अपनी चेतावनियों को बढ़ा दिया। अधिकारियों ने नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर बताया कि सीमित संख्या में अमेरिकी राजनयिकों को यूक्रेन के सुदूर पश्चिम में नाटो के सहयोगी पोलैंड के साथ लगती सीमा के पास स्थानांतरित किया जा सकता है, ताकि देश में अमेरिका की राजनयिक उपस्थिति बरकरार रखी जा सके।

## चीन के लिखित समझौतों की अवहेलना करने के कारण एलएसी पर मौजूदा स्थिति पैदा हुई : जयशंकर

**मेलबर्न। (एजेंसी)**

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर मौजूदा स्थिति, चीन द्वारा सीमा पर सैनिकों को एकत्र न करने के लिखित समझौतों की अवहेलना करने के कारण पैदा हुई है। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री मारिस पायने के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में जयशंकर ने कहा कि जब कोई बड़ा देश लिखित प्रतिबद्धताओं की अवहेलना करता है तो यह पूरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए चिंता का विषय होता है। उन्होंने भारत और चीन की सेनाओं के बीच पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पर एक सवाल के जवाब में यह बयान दिया।



यह पूछे जाने पर कि क्या शुक्रवार को यहां क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत-चीन सीमा पर गतिरोध के मुद्दे पर चर्चा हुई, जयशंकर ने 'हां' में जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'हां, हमने (क्वाड) भारत-चीन संबंधों पर चर्चा की क्योंकि यह, हमारे पड़ोस में होने वाले घटनाक्रम की जानकारी एक दूसरे को देने के तरीके का एक हिस्सा है। यह एक ऐसा मसला है जिनमें कई देशों ने को रुचि है। खासतौर से हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देश।' जयशंकर ने कहा कि सीमा पर सैनिकों का जमावड़ा न करने के भारत के साथ किए गए लिखित समझौतों की चीन द्वारा 2020 में अवहेलना करने के कारण एलएसी पर मौजूदा स्थिति पैदा हुई।

उन्होंने कहा, 'जब कोई बड़ा देश लिखित समझौतों की अवहेलना करता है तो मुझे लगता है कि यह पूरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए वाजिब चिंता का विषय बन जाता है।' गौरतलब है कि पैंगोंग झील में हिंसक झड़प के बाद भारत और चीन की सेनाओं के बीच पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा हुआ तथा दोनों पक्षों ने हजारों सैनिकों को सीमा पर भेजकर अपनी तैनाती धीरे-धीरे बढ़ा ली है। दोनों देशों के बीच गलवान घाटी में हिंसक झड़प के बाद तनाव पैदा हुआ था।

## रूस-यूक्रेन के बीच कभी भी जंग छिड़ने जैसे हालात, बाइडेन ने 3,000 से अधिक और सैन्य बलों को भेजने का दिया आदेश




**वाशिंगटन। (एजेंसी)**

यूक्रेन पर रूस के हमले की आशंका से चिंतित उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सहयोगियों के प्रति अमेरिकी प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए पेंटागन पोलैंड में और 3,000 सैन्य बलों को भेज रहा है। पोलैंड में 1,700 सैनिक पहले से ही तैनात हैं। अमेरिका के एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने बताया कि ये अतिरिक्त सैनिक अगले कुछ दिनों में उत्तर कैरोलाइना के फोर्ट ब्रैग से रवाना होंगे और अगले सप्ताह की शुरूआत तक पोलैंड में होंगे। इन सैनिकों का मिशन प्रशिक्षण देना होगा और हमले को रोकना होगा, लेकिन वे यूक्रेन में लड़ाई में शामिल नहीं होंगे।

इस घोषणा से कुछ देर पहले ही अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने यूक्रेन में रह रहे सभी अमेरिकी नागरिकों को सचेत किया था कि वे जल्द से जल्द वहां से निकल जाएं। उन्होंने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन पर हमले का आदेश कभी भी दे सकते हैं। नाटो सहयोगियों के लिए प्रतिबद्धता जताने के मकसद से पोलैंड में अमेरिकी बलों की तैनाती के अलावा, जर्मनी में तैनात करीब 1,000 अमेरिकी सैनिक रोमानिया भेजे जा रहे हैं।

## भारत के खिलाफ मोचार्बंदी मजबूत करने में लगे पड़ोसी देश, पाकिस्तान को बनाकर यार चीन अब म्यांमार को बेचेगा हथियार





**नई दिल्ली। (एजेंसी)**

यूरोप में जहां अमेरिका और रूस आमने सामने हैं वहीं एशिया में चीन और पाकिस्तान मिलकर भारत के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। चीन एक ओर पाकिस्तान को लड़ाकू विमान सौंप रहा है तो दूसरी ओर पाकिस्तान के जरिये म्यांमार को हथियारों की आपूर्ति करने के प्रयास में लगा है। भारत के खिलाफ चीन और पाकिस्तान ने समंदर और आसमान में नई साजिश का ताना बाना बुना है। समुंदर में चीन और पाकिस्तान की नजर अब भारत के पड़ोसी देश म्यांमार पर है। जानकारी के मुताबिक चीन ने कहने पर म्यांमार ने पाकिस्तान के साथ हथियारों की बड़ी डील की है। बताया जा रहा है कि म्यांमार का डेलीगेशन पाकिस्तान का दौरा करेगा।

म्यांमार की सेना पाकिस्तान से 60 और 81 एमएम मोटार्र, एम 79 ग्रेनेड लॉन्चर और मशीनगन खरीदने की तैयारी में है। साथ ही पाकिस्तान से म्यांमार हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों को भी खरीदने पर विचार कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक म्यांमार जिन मिसाइलों को पाकिस्तान से खरीदेगा उसे म्यांमार के जेएफ 17 फाइटर एयरक्राफ्ट पर फिट किया जाएगा। म्यांमार ऐसा पहला देश था जिसने चीन से जेएफ 17 फाइटर्स एयरक्राफ्ट का आयात किया था।

मिसाइल पर चीन में बैन की वजह से म्यांमार इसे चीन की बजाय पाकिस्तान से खरीदने की तैयारी कर रहा है। इस डील को भारत के खिलाफ चीन की बड़ी साजिश माना जा रहा है क्योंकि चीन हथियारों का बड़े पैमाने पर निर्माण पाकिस्तान में भी कर रहा है। खासतौर से मेंटेनेंस और ओवरहोलिंग का काम पाकिस्तान में हो रहा है। एक तरफ चीन अपने हथियारों के लिए म्यांमार के रूप में नया खरीदार मिल रहा है तो वहीं दूसरी ओर भारत के दक्षिण पूर्वी पड़ोसी देश में अपनी पकड़ मजबूत कर वो भारत के खिलाफ भी मोचार्बंदी को मजबूत करने में लगा हुआ है।

### पुतिन-मैक्रों के बीच 13 फीट की दूरी क्यों हुई जरूरी?

## रूस के हाथ न लग जाए डीएनए इसलिए फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने नहीं कराया कोविड टेस्ट

**वाशिंगटन। (एजेंसी)**

यूक्रेन संकट के चलते पूरे यूरोप में छाए युद्ध के बादलों के बीच इस समय का कूटनीतिक हल तलाशने के लिए पिछले दिनों रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात फ्रांस के राष्ट्रपति इमैन्युअल मैक्रों के साथ हुई। पुतिन से मिलने के लिए मैक्रों पहुंचे। इस मुलाकात से यूक्रेन समस्या का कोई समाधान तो नहीं निकल सका लेकिन इस मीटिंग की तस्वीरें सोशल मीडिया पर पूरी तरह छा गई हैं। इसकी वजह पुतिन की मैक्रों के साथ 13 फीट की दूरी है। इस मीटिंग की एक तस्वीर जारी की गई जिसमें दोनों नेता एक 13 फीट लंबे टेबल के दोनों कोनों पर बैठे हुए थे। इस तस्वीर को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह के मीम्स भी वायरल हुए। लेकिन सवाल आखिरकार बरकार था कि पुतिन और मैक्रों के बीच इस दूरी की वजह क्या रही?



दोनों नेता मीटिंग के बाद जब प्रेस से मुखातिब हुए तो भी दोनों के भी ये दूरी बरकरार रही। ऐसा इससे पहले कभी नहीं हुआ था। इससे पहले भी दोनों नेताओं की मुलाकात हुई थी और हाथ भी मिलाए गए थे। लेकिन इस बार ऐसा कुछ नहीं हुआ। जिसके पीछे की वजह कोविड टेस्ट रहा है। दरअसल, मैक्रों के साथ रूस की यात्रा पर जाने वाले एक स्टाफ ने समाचार एजेंसी रॉउटर्स को बताया कि पुतिन ने मैक्रों के साथ ये दूरी कोरोना प्रोटोकॉल के तहत बरती थी। खबर के अनुसार मुलाकात से पहले पुतिन ने मैक्रों को आरटीपीसीआर टेस्ट कहां जिससे मैक्रों ने इनकार कर दिया। इस इनकार के बाद पुतिन के अधिकारियों ने मैंक्रों को इस मुलाकात में 13 फीट यानी 4 मीटर की दूरी बरतने का ऑपशन दिया जिसे मैंक्रों ने कबूल कर लिया।

समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार इमैन्युअल मैक्रों ने कोरोना टेस्ट कराने से इस वजह से इनकार कर दिया कि कहीं कोविड किट की मदद से उनका डीएनए रूस के हाथ न लग जाए। फ्रांसीसी राष्ट्रपति के स्वास्थ्य अधिकारियों के सूत्रों के हवाले से समाचार एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि बैठक से पहले मैक्रों को रूसी अधिकारियों के द्वारा पुतिन के पास जाने से पहले किए जा रहे पीसीआर टेस्ट कराने का ऑपशन दिया गया। लेकिन मैक्रों ने कोविड टेस्ट कराने से मना कर दिया।

## इमरान का बड़ा कबूलनामा, पाकिस्तान में बदलाव ला पाने में रहे नाकाम, सरकार और मंत्रालयों ने नहीं दिए वांछित परिणाम

**इस्लामाबाद (एजेंसी)**

पाकिस्तान की गिरती हुई अर्थव्यवस्था उसको एक नाकाम देश बनाने की ओर बढ़ा रही है। अब उसके प्रधानमंत्री इमरान खान का एक ऐसा बयान सामने आया है जिसमें उन्होंने खुद कबूल किया है कि वो अब हार चुके हैं। वो अब पूरी तरह से नाकाम हो चुके हैं। वो अब पाकिस्तान के हालात को सुधारने के काबिल नहीं रहे। पाकिस्तानी कप्तान का ये कबूलनामा अपने आप में बेहद चौंकाने वाला है। हाल ही में इमरान अपने जिगरी दोस्त चीन की यात्रा से वापस लौटे हैं। जहां उन्होंने शी जिनपिंग के आगे सिर झुकाते हुए अपने देश की खास्ता अर्थव्सवस्था और तंगहाली से उबारने की मिन्नतें की। पाकिस्तान की गिड़गिड़ाने पर चीन ने भी तरह खाते हुए इस्लामाबाद में अपना निवेश बढ़ाने के लिए नए प्रोजेक्ट्स शुरू करने के लिए राजी हो गया। लेकिन इमरान खान को लगता है कि वो अब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के तौर पर नाकाम हो गए हैं।

**नाकामी का ठीकरा पर फोड़ा**

इमरान खान ने 10 फरवरी को एक सरकारी कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कबूल कर लिया कि वो पाकिस्तान को बदलने में पूरी तरह नाकाम साबित हुए हैं। हालांकि इमरान खान ने अपनी नाकामी का ठीकरा देश के सिस्टम पर फोड़ दिया है। कार्यक्रम में इमरान ने कहा कि शुरूआत में हम क्रांतिकारी कदमों के जरिये बदलाव लाना चाहते थे। लेकिन बाद में हमें अहसास हुआ कि हमारी व्यवस्था इस बदलाव को सहने में असमर्थ है।

**सरकार और मंत्रालयों ने वांछित परिणाम नहीं दिए**

प्रधानमंत्री इमरान खान ने कार्यक्रम में कहा कि सरकार और मंत्रालयों ने वांछित परिणाम नहीं दिए हैं। उन्होंने कहा, ₹सबसे बड़ी समस्या यह है कि सरकार और देश के हित के बीच कोई संबंध नहीं है।₹ उन्होंने पूछा, ₹क्या हमारे मंत्रालय प्रदर्शन कर रहे हैं कि कैसे निर्यात बढ़ाकर देश को स्थिर किया जाए और कैसे लोगों की स्थिति में सुधार किया जा सकता है, गरीबी को कैसे समाप्त किया जा सकता है?₹

**पाकिस्तान के हालात दे रहे नाकामी की गवाही**

अपने इलेक्शन कैंपेन में नया पाकिस्तान बनाने का चुनावी वादा करने वाले इमरान खान को पाकिस्तान की गद्दी संभाले चार साल हो चुके हैं। इमरान खान अपनी नाकामी को कबूल न भी करते तो भी पाकिस्तान के हालात उनकी नाकामी की गवाही दे रहे हैं। पाकिस्तान में महंगाई चरम पर है और अर्थव्यवस्था डूबी हुई है कि पाकिस्तान के पास अपने कर्ज का ब्याज चुकाने तक के पैसे नहीं हैं।



# हरियाणा ओर दिल्ली के कद्दावर नेता संभाल रहे उत्तराखंड चुनाव मे मोर्चा

**फरीदाबाद की आवाज (सतेन्द्र राजपूत)**

**फरीदाबाद।** उत्तराखंड चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रदेश के कद्दावर नेताओं ने मोर्चा संभाला हुआ है। हरियाणा प्रदेश से यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पिछली योजना मे बतौर उद्योगमंत्री रहे विपुल गोयल ओर दिल्ली से सांसद व फिल्म जगत के मशहूर स्टार मनोज तिवारी ओर भाजपा के कार्यकर्ता उत्तराखंड चुनाव में मोर्चा संभाले हुए है। ये नेता हर विधानसभा क्षेत्र के घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों ओर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यो ओर भारतीय जनता पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करने में जुटे हैं। इन नेताओं की एक महीने के लिए प्रचार-प्रसार अभियान के तहत प्रदेश की तरफ से ड्यूटी लगाई है।

आपको बता दें आने वाली 14 फ़रवरी को उत्तराखंड राज्य में विधानसभा चुनाव होने है ओर इसी कड़ी में आज ऊधम सिंह नगर जिले की रूद्रपुर विधानसभा मे जिले के प्रवासी प्रभारी व पूर्व कैबिनेट मंत्री हरियाणा विपुल गोयल ने राष्ट्रीय सचिव एव राष्ट्रीय प्रवक्ता आर सी पी सिंह, दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी ने भाजपा के उम्मीदवार शिव अरोडा के पक्ष मे प्रैस कान्फ्रेंस कर स्थानीय लोगों से वोट की अपील ।



उत्तराखंड चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की विजय पताका फहराने के लिए ये नेता दिन-रात प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं। इससे कुछ दिन पहले प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी उत्तराखंड में कई विधानसभाओ में दौरा कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान की अपील कर कार्यकर्ताओ में जोश भरने का काम किया था।

पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने बताया की लोग भारतीय जनता पार्टी द्वारा किये गये कार्यो से ओर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सर्व जन विकास की नीतियों से प्रभावित है ओर आने वाली 14 फ़रवरी को उत्तराखंड की जनता दोबारा कमल खिलाकर साबित कर देगी की देश व प्रदेश की जनता अपना भविष्य सुरक्षित हाथो में रखना चाहती है। इसलिए आने वाले चुनावो में भारतीय जनता पार्टी दोबारा से उत्तराखंड मे पूर्ण बहुमत से सरकार बनायेगी।

# चौ. अजय सिंह चौटाला के कानूनी प्रकिया के तहत सजा पूरी करने पर गरीबों को खाना खिलाया

**फरीदाबाद की आवाज (सतेन्द्र राजपूत)**

**फरीदाबाद।** जजपा के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.अजय सिंह चौटाला के कानूनी प्रकिया के तहत अपनी सजा पूरी करने पर पूरे हरियाणा में जजपा कार्यकताओं और लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। अपने प्रिय नेता के लिए हर कोई अपने अपने तरीके से जश्न मना रहा है। कोई लडडू बांट रहा है तो कोई आतिशबाजी कर रहा है वहीं दूसरी और जजपा इनसो फरीदाबाद जिलाध्यक्ष ने अनोखे तरीके से अपनी खुशी का इजहार किया। रवि शर्मा अपने समर्थकों के साथ हरिद्वार पहुंचे और उन्होनें वहां गगां मैया और बाबा भोलेनाथ का धन्यवाद किया ऐसी सुखद खुशखबरी के लिए। रवि शर्मा ने वहां गरीब लोगों को खाना भी खिलाया। रवि शर्मा ने कहा कि गंगा मैया का आर्शीवाद हमेशा अजय चौटाला परिवार पर बना रहे और विपदाओं और संकटो से इस परिवार की रक्षा करें। रवि शर्मा ने कहा कि अजय चौटाला जी की नियमित उपस्थिति जजपा इनसो कार्यकताओं के लिए



आर्शीवाद रूपी सहारा बनेगी। इसके अलावा उनकी सक्रियता व नेतृत्व से पार्टी की गतिविधियों को और अधिक बल मिलेगा। रवि शर्मा ने कहा कि राजनैतिक प्रतिद्वंद्विता रखने वाले लोगों ने उन्हें जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया लेकिन इससे वो जरा भी विचलित नहीं हुए। आज वो अपने कार्यकताओं के प्यार और भरोसे के बूते पहले से अधिक मजबूत होकर बाहर निकले है। इस मौके पर विनय, रमन, गगन, आनन्द, विक्की व कमल सहित कई युवा मौजूद थे।

# रेडियो फीएस्टा में आरजे आनंद और आरजे गौरव ने बांधा समाँ



**फरीदाबाद की आवाज (योगेन्द्र अरोड़ा)**

**फरीदाबाद।** चैपालों और खेलों की लाइव कमेंट्री से लेकर कार में सफर करते हुए रेडियो ने अपने सफर में अहसासों को जिया है। रेडियो विविध भारती के जयमाला से एफएम चैनल के यादों का इडियट बॉक्स तक संवेदनाओं से भरा है। यह विचार रेडियो महारानी की वरिष्ठ प्रबंधक सपना सूरी ने जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने दो दिवसीय रेडियो उत्सव 'रेडियो फीएस्टा' के समापन सत्र में बतौर विशिष्ट अतिथि व्यक्त किये। विश्वविद्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय डिजिटल रेडियो - रेडियो महारानी के साथ मिलकर 'विश्व रेडियो दिवस' के उपलक्ष्य में 10 एवं 11 फरवरी को दो दिवसीय रेडियो उत्सव 'रेडियो फीएस्टा' का आयोजन किया गया। मीडिया विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सपना सूरी ने कहा कि सामाजिक सशक्तिकरण, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शिक्षा के प्रचार प्रसार में रेडियो की अहम भूमिका रही है। विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में रेडियो के महत्व को समझने के लिए 'विश्व रेडियो दिवस' का आयोजन किया जाता है। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. पवन मलिक, एसोसिएट प्रोफेसर, संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय दिया। डॉ. पवन मलिक ने कहा कि लकड़ी के डिब्बे वाले ट्रांजिस्टर से मोबाइल के चिप में सिमटने वाले रेडियो ने अपने लंबे सफर में कई दौर देखे हैं। परिवर्तन के इस दौर में भी रेडियो दिलों की धड़कन बना रहा। लोगों में रेडियो को लेकर दीवानगी है। जहां एक तरफ सरकारी रेडियो स्टेशन लोगों तक ज्ञान का भंडार पहुँचा रहे हैं, वही प्राइवेट रेडियो स्टेशन मनोरंजन को एक अलग स्तर पर लेकर जा रहे है। रेडियो के विकास और विस्तार में भारतीय वैज्ञानिक श्री जगदीश चंद्र बोस का योगदान प्रमुख रहा है जिन्होंने रेडियो और सूक्ष्म तरंगों की प्रकाशिकी पर कार्य किया। इस कार्यक्रम में डीन ऑफ इंस्टीट्यूशन्स प्रो. तिलक राज मुख्यातिथि रहे। प्रो तिलकराज ने कहा कि रेडियो की शुरुआत जनसेवा प्रसारण से हुई और यह एफएम से होते हुए डिजिटल रेडियो और पॉड्कास्ट तक पहुँचा है। रेडियो सूचनाओं के आदान प्रदान, नेटवर्किंग और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए प्रोत्साहित करता है। कार्यक्रम ने रेडियो महारानी के आरजे आनंद ने जहाँ अपनी रेडियो जॉकिंग कला से समाँ बांधा, वही आरजे गौरव ने रेडियो प्रोग्रैमिंग से सम्बंधित रोचक जानकारियाँ मीडिया विद्यार्थियों के साथ सांझी की। आरजे मोनिक, आरजे तुषार, आरजे गीत और आरजे सुखदीप ने भी मीडिया के छात्रों से संवाद किया। कार्यक्रम के अंत में लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज के डीन प्रो. अतुल मिश्रा ने अतिथियों का साधुवाद किया तथा इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि समय एवं तकनीक के साथ संचार माध्यमों में कई बदलाव आये और नव माध्यमों का भी उदय हुआ लेकिन रेडियो की प्रासंगिकता वैसी ही बनी रही। आज भी यह देश-विदेश के हर कोने में, हर आयु वर्ग तक के व्यक्तियों में रुचि से सुना जाता है। मीडिया विद्यार्थियों के लिए इस क्षेत्र में विशेष अवसर है और विद्यार्थियों को इसके लिए प्रयास करने चाहिए। कार्यक्रम में रेडियो महारानी की ओर से अमित भाटिया और आलोक अरोड़ा उपस्थित रहे। इस अवसर पर रेडियो उत्सव 'रेडियो फीएस्टा' में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। आरजे हंट में अगम सिंह ने प्रथम स्थान, मंथन चंद्रा में द्वितीय स्थान और सौरभ शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पॉड्कास्ट में विशाल पाठक ने प्रथम, वसुंधरा कम्बोज ने द्वितीय और सौरभ शुक्ला एवं तनु कौशिक ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। रेडियो जिंगल में महक माहेश्वरी ने प्रथम स्थान, योगेश भारद्वाज ने द्वितीय स्थान और साहिल कौशिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# अब्राहम लिंकन पर आधारित टॉक शो आयोजित

**फरीदाबाद की आवाज (योगेन्द्र अरोड़ा)**

**फरीदाबाद।** शिक्षा विभाग के आदेशानुसार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एन आई टी तीन फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में सच्चाई, सादगी, संघर्ष, की प्रतिमूर्ति अमेरिका के सोलहवें राष्ट्रपति के जन्मदिवस पर टाकशो का आयोजन किया। इस वार्ता में विद्यालय की छात्राओं जिया, आरती, अध्यापिका अंशुल, प्राध्यापिका हेमा और प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने छात्राओं का अब्राहम लिंकन के महान व्यक्तित्व से परिचय करवाया। प्राध्यापिका हेमा, अध्यापिका अंशुल और छात्रा जिया और आरती ने कहा कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का संपूर्ण जीवन हम सभी को प्रेरणा देने वाला है। निर्धन परिवार में जन्मे लिंकन के जीवन का प्रत्येक पृष्ठ संघर्ष से सफलता की कहानी वर्णन करता है। आज से




161 वर्ष पहले अब्राहम लिंकन अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति बने थे। नितांत कठिनाइयों को सहन करने के पश्चात भी लिंकन ने कभी हार नहीं मानी। निर्धनता से लेकर व्हाइट हाउस तक की दूरी कठिन परिश्रम और समर्पण से समाप्त की। जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि 12 फरवरी 1809 को अमेरिका के एक अति निर्धन परिवार में जन्मे लिंकन का बचपन विषम परिस्थितियों में बीता। लिंकन का परिवार इतना निर्धन था कि सभी लोग एक लकड़ी के छोटे से घर में रहते थे। जिस स्थान पर घर था उसे लेकर भी विवाद हुआ और पूरे परिवार को दर-दर की ठोकरें खानी पड़ी। लिंकन के पिता के पास इतने पैसे नहीं थे कि उन्हें स्कूल भेज सकें, पेट पालने के लिए लिंकन को बचपन से ही मजदूरी करनी पड़ी। दूसरों के खेतों में काम करते हुए उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी की और बैरिस्टर बने। आवश्यकता में सभी की सहायता करना तथा यहां तक की निरीह जीवों को भी विपत्ति में देख कर उन की सहायता केलिए हमेशा उद्धत रहते थे। बहुत संघर्षो के बाद अब्राहम लिंकन अमेरिका के राष्ट्रपति बने। संघर्ष के दौरान उन्होंने लोगों के बदलते रूप देखे। राजनीति में जो कुछ होता है उनके साथ भी हुआ। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि उनके ऊपर भी कीचड़ उछाला गया। उन्हें तरह-तरह से परेशान किया गया, परंतु उनकी दृढ़ता के आगे विरोधियों ने हमेशा मुंह की खाई। अंततः अमेरिकी जनता ने उनके व्यक्तित्व को पहचान ही लिया। वे प्रथम रिपब्लिकन थे। अमेरिका के सोलहवें राष्ट्रपति बनने के पश्चात भी वे अपने निजी कार्य स्वयं करते थे और सभी के प्रेरणा स्त्रोत थे। अमेरिका में दास प्रथा के अंत का श्रेय लिंकन को ही जाता है।

# मैट्रो हॉस्पिटल के द्वारा अग्रणी सामाजिक संस्था मिशन जागृति के 51 वालंटियर को प्रीविलेज कार्ड दिया गया



**फरीदाबाद की आवाज (उमेश शर्मा)**

**फरीदाबाद।** मैट्रो हॉस्पिटल के द्वारा अग्रणी सामाजिक संस्था मिशन जागृति के 51 वालंटियर को प्रीविलेज कार्ड दिया गया । इस अवसर पर हॉस्पिटल के सी ई ओ एवम वरिष्ठ सलाहकार रिटायर्ड मेजर जनरल वी के दत्ता , सुषमा सिंह मेंबर चाइल्ड वेलफेयर कमेटी फरीदाबाद ने मिशन जागृति के सदस्यों को कार्ड भेंट किये । कार्यक्रम के मुख्य संयोजक मेट्रो हॉस्पिटल से राजेश वशिष्ठ एवम मिशन जागृति से संतोष अरोड़ा रही । इसअवसर पर मुख्य अतिथि मेजर जेनरल दत्ता ने कहा कि आज फरीदाबाद में जिस प्राकर से संस्था के द्वारा कार्य किये जा रहे है तो मिशन जागृति की परिचय की मोहताज नही है इनके कामो को देखते हुए इनके वालंटियर के लिए ये कार्ड दिए गए है । उन्होंने कहा किनिःस्वार्थ भाव से काम करना मतलब परमात्मा की सेवा करना । इस अवसर पर मिशन जागृति के जिला उपाद्यक्ष राजेश भुटिया अशोक भटेजा , महिला कोषयद्यक्ष भावना चौधरी , दीपा, दिव्या, रेणु, पिस्ता, रानी , अरुणा, रामरती, विकास कश्यप, साधना, गंगा आदि

# साई धाम में 15 से 18 साल के बच्चों व 18+ को लगाई गई कोविड वैक्सीन

**फरीदाबाद।** शिरडी साई बाबा टैम्पल सोसायटी सेक्टर 86, फरीदाबाद के प्रागंण में कोविड वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग और फरीदाबाद प्रशासन द्वारा इस टीकाकरण के दौरान कोविड प्रोटोकोल का पालन किया गया। इस कैंप में 15+ व 18+ वर्ष के 102 लोगों का टीकाकरण किया गया। जिसमें 60+ लोगों को बुस्टर डोज भी लगाए गए। खेड़ी मेडिकल टीम से डा. पवन बेदी द्वारा कोवेक्सीन व कोविशील्ड की वैक्सीन लगाई गई। साई धाम में रविवार व बृहस्पतिवार को छोड़कर सप्ताह में 5 दिन निःशुल्क कोविड वैक्सीनेशन कैंप लगाया जाता है। सेवा से लाभान्वित हों।



















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक दिनेश शर्मा द्वारा स्वास्तिका क्रिएशन, 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से मुद्रित करवाकर मुख्य कार्यालय 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से प्रकाशित किया।
पीआरबी एक्ट के अंतर्गत रचनाओं के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्यायक्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। फोन : 011-26386221 मो. : 9810635211 DCP Licencing No. F.2 (F-10) Press/2017 RNI No. - DELHIN/2017/76338